# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 15 जून 2024


### नीट पेपर मामले में गोधरा पुलिस ने एक टीचर समेत पांच को गिरफ्तार किया

# नीट पर उबाल, पेपर लीक का शक, कई धरे गए, ढाई करोड़ के चेक भी बरामद

*सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को ग्रेस मार्क्स पर बैकफुट पर आई नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की समस्याएं समाप्त होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। इस मामले में पटना में जले हुए पेपर और गोधरा में दो करोड़ 30 लाख से ज्यादा के चेक बरामद किए गए हैं। वहीं मुख्य आरोपी आयुष ने कबूल किया कि परीक्षा के दौरान सभी प्रश्न हू-ब-हू मिले थे। उसके साथ 20-25 अन्य परीक्षार्थी भी मौजूद थे, जिन्हें प्रश्न पत्र उत्तर सहित दिया गया था और रटाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई 8 जुलाई को निर्धारित की है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने प्रेस कांफ्रेस कर नीट-यूजी में पेपर लीक के आरोपों को खारिज करते हुए कहा पेपर लीक का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं, यह एक बहुत ही विश्वसनीय संस्था है। शिक्षा मंत्री ने एनटीए को साफ तौर पर क्लीन चिट दे दी है। पुलिस जांच कुछ और ही बयां कर रही है. नीट पेपर धांधली मामले में गोधरा पुलिस ने एक टीचर समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि इससे पहले नीट पेपर लीक मामले में बिहार के पटना और नालंदा से पुलिस ने गिरफ्तारियां हुई थीं। 5 मई को हुई नीट परीक्षा में बिहार पुलिस ने पेपर लीक मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था, इसके बाद जांच हुई और उसमें सामने आया कि 5 मई की परीक्षा से पहले ⏭ शेष पेज 5 पर




## सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए व केंद्र से मांगा जवाब

नीट परीक्षा परिणाम मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने आज भी अहम सुनवाई की. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की वेकेशन बेंच ने सीबीआई जांच की अर्जी खारिज करने से इनकार कर दिया है कोर्ट 8 जुलाई को ⏭ शेष पेज 5 पर

## बिहार में जले हुए पेपर मिले

बिहार पुलिस का कहना है कि जो पेपर बिहार पुलिस ने बरामद किए हैं, अभी तक ये ही साफ नहीं हो पाया है कि क्या वो लीक पेपर था या नहीं, क्योंकि इसको लेकर एनटीए ने कोई जवाब नहीं दिया है। जांच में सामने आया था कि पेपर बिहार में मध्य प्रदेश और गुजरात से आया था। सूत्रों की मानें तो पेपर ट्रांसपोर्टेशन के दौरान लीक हुआ है। पेपर लीक में 13 लोगों को अरेस्ट किया जा चुका है।

## 2.30 करोड़ के लेनदेन का खुलासा

गोधरा पुलिस द्वारा संदिग्ध छात्रों और अभिभावकों के भी बयान लिए जा रहे हैं। रॉय ओवरसीज के मालिक परसुराम रॉय को छात्रों के माता-पिता ने मेडिकल प्रवेश के लिए चेक और पैसे दिए थे। पुलिस की जांच में पता चला कि चेक के जरिये 2.30 करोड़ रुपये का वित्तीय लेनदेन परशुराम रॉय ⏭ शेष पेज 5 पर






# कोल मामले में दो माइनिंग कारोबारी हुए गिरफ्तार

रायपुर। कोल माइनिंग में लेवी वसूलने के आरोप में ईओडब्लू की टीम ने बिलासपुर तथा कोरबा के दो कारोबारियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। दोनों कारोबारियों को जांच एजेंसी ने शुक्रवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार कारोबारियों से पूछताछ करने जांच एजेंसी ने रिमांड की मांग की। एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने पूछताछ करने दोनों कारोबारियों को 20 जून तक ईओडब्लू की रिमांड पर देने का फैसला ⏭ शेष पेज 5 पर



## माइनिंग मामले में पहली गिरफ्तारी

गौरतलब है कि माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद आरोपियों से ईओडब्लू की टीम जेल में जाकर पूछताछ करने के साथ ही उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। ईओडब्लू की टीम माइनिंग घोटाला से जुड़े लक्ष्मी कांत तिवारी, निलंबित माइनिंग अफसर एसएस नाग, सुनील नायक तथा एक अन्य से पूछताछ कर रही है। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर माइनिंग घोटाला के आरोप में ईओडब्लू की यह पहली गिरफ्तारी है।








हरिभूमि
समाचार ही नहीं विचार भी
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास के
24 वर्ष
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी
सर्वराकार शिवरीनारायण एवं
दूधाधारी मठ मंदिर न्यास
नारायण चंदेल
पूर्व नेता प्रतिपक्ष
छ.ग. विधानसभा
व्यास कश्यप
विधायक, जांजगीर-चांपा
विधानसभा क्षेत्र
राघवेन्द्र कुमार सिंह
विधायक, अकलतरा
विधानसभा क्षेत्र
श्रीमती शेषराज हरवंश
विधायक पामगढ़
विधानसभा क्षेत्र
दिनेश शर्मा
प्रदेश संयोजक-राजीव गांधी
पंचायती राज संगठन (कांग्रेस)
गुलाब सिंह चंदेल
जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी
जिला जांजगीर-चांपा
अंबेश जांगड़े
पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक
पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र
रमेश पैगवार
कार्यकारी जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस
कमेटी, जांजगीर-चांपा
इंजी. रवि पाण्डेय
समाज सेवी एवं भाजपा नेता
जांजगीर-चांपा
रविशेखर भारद्वाज
पूर्व लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी
जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र
इब्राहिम मेमन
वरिष्ठ इंका नेता
जांजगीर-चांपा
जय थवाईत
अध्यक्ष-नगरपालिका परिषद चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
कार्तिकेश्वर स्वर्णकार
प्रदेश सहसंयोजक-व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा
पूर्व उपाध्यक्ष-राज्य युवा आयोग
केन्द्रीय संरक्षक-छग केन्द्रीय स्वर्णकार समाज
संतोष गुप्ता
महासचिव
छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे)
डॉ. विनोद शर्मा
समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता
अकलतरा विधानसभा क्षेत्र
प्रिंस शर्मा
जिलाध्यक्ष-जिला युवा कांग्रेस
जिला जांजगीर-चांपा (छग)
राजकुमार साहू
सभापति-जिला पंचायत
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
लोकेश शुक्ला
सरपंच-आदर्श ग्राम पंचायत केरा, विकासखण्ड
नवागढ़,जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
डॉ. बृजभूषण द्विवेदी
संचालक- जगरानीदेवी शिक्षा
महाविद्यालय बाराद्वार
प्रस्तुतिः
अभिषेक शुक्ला
जिला प्रमुख
जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा
मो. 9893401077
वीरेन्द्र राठौर
मार्केटिंग इंचार्ज
जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा
मो. 9827106027

बिलासपुर

**शनिवार, 15 जून 2024**

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमीं
वर्ष : 24, अंक : 83
पृष्ठ : 12+20+10 = 42, मूल्य : 5 .00***


**मौसम**
अधि. 37.2
न्यून. 29.4


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





9 भारत-कनाडा में जंग आज, तीन ...

विचार पेज
2 रक्षा क्षेत्र की चुनौतियों ...








Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कंटेनर-मिनी ट्रक में भिड़ंत से छह की मौत



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में शुक्रवार को एक कंटेनर वाहन और मिनी ट्रक की टक्कर होने से हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब पांच बजे कृत्तिवेन्नू मंडल के सीतानापल्ली में घटी। सड़क पर जा रहे एक कंटेनर से ट्रैक्टर से आगे निकलने के प्रयास में मिनी ट्रक को टक्कर मार दी और पलट गया। पुलिस ने बताया कि दोनों वाहनों के चालकों और चार अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### असम में छह करोड़ की याबा गोलियां जब्त, तीन गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि कछार जिले में छह करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएं जब्त की गईं। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कछार पुलिस ने अंतर-राज्यीय सीमा क्षेत्र में कार्रवाई की।

### ओडिशा विधानसभा के रणेंद्र प्रताप अस्थाई अध्यक्ष



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के आठ बार के विधायक रणेंद्र प्रताप स्वैन को राज्यपाल रघुबर दास ने विधानसभा के अस्थाई अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। पूर्व मंत्री और कटक जिले के अथागढ़ सीट से विधायक स्वैन 20 जून को ओडिशा विधानसभा के अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए चुनाव कराएंगे।

### पीपीई किट पहन करना पड़ा अंतिम संस्कार



**सिंधुदुर्ग।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक गांव में एक बुजुर्ग की मृत्यु के बाद परिजनों को पीपीई किट पहनकर उनका अंतिम संस्कार करना पड़ा क्योंकि अंत्येष्टि की प्रक्रिया शुरू होते ही मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया था। मधुमक्खियों के हमले से कई लोग घायल हुए हैं।

### पूर्व सीएम येदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर रोक



**बेंगलुरु।** पोक्सो एक्ट के तहत आरोपों का सामना कर रहे कर्नाटक के पूर्व सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा को हाई कोर्ट ने राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। येदियुरप्पा कोर्ट को दिए गए आश्वासन के मुताबिक 17 जून को सीआईडी के समक्ष पेश होंगे।

छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टे की जांच के बीच उज्जैन में बड़ा रैकेट धरा गया

# एमपी में भी ऑनलाइन सट्टा फूटा, 15 करोड़ से भरे 11 बैग मिले, विदेशी मुद्राएं भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उज्जैन

एमपी के उज्जैन शहर में पुलिस ने सट्टेबाजी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस द्वारा सट्टे के अड्डे पर मारे गए छापे में अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के 9 आरोपियों से 15 करोड़ रुपए नकद लगभग 11 बैगों से बरामद हुए हैं। नगदी गिनने के लिए मशीनें लगाना पड़ीं। नकदी के साथ ही विदेशी करेंसी, करोड़ों के लेनदेन का हिसाब, हाईटेक एप्लीकेशन, 41 मोबाइल, 19 लैपटॉप और एक आईपैड जप्त करने की जानकारी दी गई। इस गिरोह को चलाने वाला मुख्य सरगना अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

इस मामले में जानकारी देते हुए आईजी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पिछले काफी समय से उन्हें यह सूचना मिल रही थी कि उज्जैन में भी सट्टे पर ऑनलाइन बेटिंग की जा रही है। जब उन्होंने इस बारे में खोजबीन करवाई तो सूचना सही मिली. जिसके बाद इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इतनी बड़ी कार्रवाई के पहले पुलिस ने इस गैंग की दो दिनों तक रैकी की। गुरुवार रात को थाना नीलगंगा क्षेत्र स्थित 19 ड्रीम्स कॉलोनी के ड्यूप्लेक्स नं 18 में पियूष चौपड़ा के मकान पर छापा डाला गया।

### गिनने के लिए लगानी पड़ी मशीनें



### लुकआउट सर्कुलर कराएंगे जारी

आरोपी पीयूष बिल्डर प्रॉपर्टी का काम करता है इसके घर से पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और सटटे के हिसाब-किताब से संबंधित भारी मात्रा में दस्तावेज व नकदी जप्त किये गये हैं। आरोपी पीयूष परिवार के साथ लातविया देश भागने की फिराक में था, जिसके लिये लूकआउट सर्कुलर जारी कराया जा रहा है। पकड़े गए आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड भी प्राप्त किये जा रहे हैं। साथ ही यह भी पता किया जा रहा है कि गिरोह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कहां-कहां सक्रिय है।

### इन लोगों को किया गया गिरफ्तार



छापे के दौरान जसप्रीत उर्फ रूबल, रोहित सिंह उम्र, गुरप्रीत सिंह, मयूर जैन, सतप्रीत सिंह, आकाश मसीही, चेतन नेगी, हरीश, गौरव यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप के बांग्लादेश और नीदरलैण्ड के मैच पर खाई/लगाई कर रहे थे। इस गिरोह के मुख्य सरगना पीयूष चोपड़ा के मुसद्दीपुरा स्थित घर पर दबिश दी। यहां पर पुलिस को पियूष तो नहीं मिला लेकिन यह जरूर पता चल गया कि यहां से भी वह क्रिकेट का सट्टा चलाता था।

### देसी विदेशी मुद्रा-लैपटॉप

पुलिस ने एक साथ दो जगहों पर दबिश दी है जहां से अतरराष्ट्रीय करंसी, चांदी की सिल्लियां और ऐपल मेक मिनी सीपीयू, 11 लेपटॉप सहित अलग-अलग रंग के 11 बैगों में भारतीय रुपये बरामद किए गए हैं। कुल 14.58 करोड़ नकद, भारी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा जो कि कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, यूरो, पाउण्ड, यूएस डॉलर, हंगरी यूरो, पॉलिश मुद्रा, नेपाली रुपये आदि जप्त की है। साथ ही 41 मोबाईल फोन, 11 लैपटाप, 01 मैक-मिनी, 01 आईपैड, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय सिमें. 02 पेन्ड्राईव.03 मेमोरी कार्ड सहित अन्य संचार उपकरण जप्त किए है।

### हाईटेक तरीके से होता था सट्टा

पीयूष अपने साथियों के साथ मिलकर कुछ ऑनलाइन वेबसाइट और जूम मीटिंग ऐप के जरिए सभी से लाइव कनेक्टिंग होकर खाई (बिड) कराई जाती ती था। एक बार में वह एक लाइन पर 50,000 से 25 लाख रुपए तक का धंधा किया जाता था। पीयूष अपने साथियों की मदद से अन्य सटोरियों को भी धंधे में उतार रहा था। इस तरह एक मैच में वह करोड़ों रूपये लगाता था इसके लिए पीयूष बड़े ही आधुनिक उपकरणों का उपयोग तो करता था। साथ ही हाई स्पीड इंटरनेट डिवाइस व कई एप्लीकेशन का उपयोग भी वह इस पूरे सट्टे के खेल में करता था।

# 5800 करोड़ की बड़ी गड़बड़ी सीबीआई ने एसकेएस समेत 26 कंपनियों पर दर्ज किया केस

- एसबीआई के मुख्य प्रबंधक, शाखा प्रबंधक भी आरोपी बनाए गए
- इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर अपराध दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने पांच हजार 717 करोड़ रुपए के लोन डिफॉल्ट मामले में छत्तीसगढ़ से संबंधित एसकेएस इस्पात की आधा दर्जन से ज्यादा कंपनी सहित 26 कंपनियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इसके अलावा सीबीआई ने भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक रोहित पराशर तथा सिविल लाइंस स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया है। बिजली उत्पादन तथा वितरण व्यवसाय करने वाली मेसर्स एसकेएस इस्पात एंड पॉवर लिमिटेड तथा उसकी संबद्ध कंपनियों पर आरोप है कि इन लोगों ने छह हजार 170 करोड़ रुपए लोन लेने में गड़बड़ी की है। इन कंपनियों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), मेसर्स एल एंड टी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड, मैसर्स पीटीसी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### अपने ही पते की कंपनी के पास नीलाम

सीबीआई जांच में यह बात सामने आई है कि एक कंपनी मेसर्स एंटविकेलन इंडिया एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को जो दो हजार करोड़ रुपए की संपत्ति नीलाम की थी, उस कंपनी का पता एसकेएस इस्पात का था। जिस कंपनी को एसकेएस इस्पात ने संपत्ति बेची थी, उस कंपनी का वर्ष 2019 में एसकेएस इस्पात में विलय हो गया।

### डमी कंपनी बनाकर शेयर लेन-देन

सीबीआई जांच में यह बात सामने आई है कि फर्जीवाड़ा करने वाली कंपनियों ने धोखाधड़ी करने डमी कंपनी बनाकर शेयर लेन-देन की है। साथ ही फर्जी शेयर लेन-देन के माध्यम से डायवर्सन, राउंड ट्रिपिंग फंड्स की साथ ही फर्जी कंपनियों के माध्यम से ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह, बरमूडा के ब्रिटिश विदेशी इलाकों में ऋण ट्रांसफर करने का आरोप है। सीबीआई की टीम ने मुंबई, कोलकाता, रायपुर, भुवनेश्वर, त्रिची में 14 स्थानों पर छापेमारी कर आपत्तिजनक दस्तावेज तथा सामान जब्त किए हैं।

# भूपेश बोले- नागपुर से भी आए थे लोग, सरकार फेल, साव ने कहा- कांग्रेस कर रही राजनीति

- कानून-व्यवस्था के खिलाफ 18 जून को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन

**रायपुर/बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार में हुई घटना को लेकर शुक्रवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज कई विधायकों के साथ बलौदाबाजार पहुंचे। घटना के बारे में लोगों से जानकारी लेने के बाद भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, लोगों से बात करने के बाद यह बात सामने आ रही है कि नागपुर से भी लोग आए थे। घटना में बाहरी लोगों के संलिप्त होने की बात सामने आ रही है। इस मामले में सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई है। सरकार ▶▶| शेष पेज 5 पर



### साय सरकार से मांगा इस्तीफा

घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जब समाज ने सीबीआई जांच की मांग की थी, तो सरकार ने इसे गंभीरता से क्यों नहीं लिया। सीबीआई जांच की घोषणा क्यों नहीं की गई। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा, जो सरकार अपने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय को नहीं बचा सकती, वह हर तरीके से असक्षम है। हम विष्णु देव साय सरकार से इस्तीफे की मांग करते हैं।

### कांग्रेस नेताओं ने लोगों को भड़काने का काम किया : साव



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बलौदाबाजार में कांग्रेसी नेताओं के दौरे को लेकर कहा, कांग्रेस बलौदाबाजार जैसी घटना पर भी राजनीति कर रही है। श्री साव ने कहा, धरना स्थल पर कई कांग्रेस नेता उपस्थित थे। इन नेताओं ▶▶| शेष पेज 5 पर

# दिल्ली में पानी की सप्लाई लगातार घट रही : आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी ने कहा कि यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी की सप्लाई घट रही है। आम आदमी पार्टी हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगा रही है। आतिशी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा सामान्य परिस्थिति में दिल्ली में दस लाख गैलन प्रति दिन पानी का उत्पादन होता है लेकिन पिछले एक हफ्ते से यह लगातार घट रहा है। उन्होंने कहा, ''उत्पादन कम होने से, दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी है। सभी से अनुरोध है कि पानी का प्रयोग बहुत किफायती तरीके से करें।

# जर्जर स्कूलों पर बोले शिक्षामंत्री-फाइनेंस से मांगी मंजूरी, जल्द सुधर जाएंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि की खबर का एक बार फिर बड़ा असर हुआ है। हरिभूमि ने अपनी श्रृंखला में प्रदेशभर के स्कूलों की दयनीय स्थिति सामने लाई थी। अब स्कूल शिक्षा मंत्री ने संबंधित स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि कुछ स्कूलों के लिए फाइनेंस डिपार्टमेंट से स्वीकृति मांगी है। जैसे ही स्वीकृति मिलेगी सभी जर्जर स्कूलों को ठीक किया जाएगा। ▶▶| शेष पेज 5 पर



### हरिभूमि की खबर का बड़ा असर




### पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर वनांचल तक

*गौरतलब है कि प्रदेश में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून से हो रही है। अवकाश के कारण विद्यालय 18 जून से खुलेंगे। प्रतिवर्ष नवीन सत्र प्रारंभ होने के पूर्व स्कूलों की दुर्दशा सुधारने और बेहतर माहौल में अध्यापन प्रारंभ करने की बात शिक्षा विभाग द्वारा कही जाती रही है, लेकिन प्रतिवर्ष स्थिति जस की तस बनी रहती है। इस बार शाला* ▶▶| शेष पेज 5 पर




## चिंतन

# जी-7 बैठक से निकले युद्ध समाप्ति की राह

रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास जंग की समाप्ति होनी चाहिए। युद्ध से किसी समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता है। इसका उदाहरण प्रथम विश्व युद्ध से लेकर वर्तमान में रूस व यूक्रेन जंग तक है। युद्ध ने कभी भी शांति का मार्ग प्रशस्त नहीं किया है। हमास, हूती, हिज्बुल्लाह, इस्लामिक स्टेट, तालिबान, अलकायदा, हिज्बुल, लश्कर, जैश जैसे कट्टर इस्लामिक गुटों के आतंकवाद के खिलाफ भी जी-7 को एकजुट होना चाहिए। अब जब सात विकसित देश इटली की मेजबानी में जी-7 की बैठक कर रहे हैं, तो इसमें चर्चा का मुख्य विषय रूस व यूक्रेन जंग ही है। भारत समेत करीब एक दर्जन देश इटली के विशेष आमंत्रण पर जी-7 की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। जी-7 की बैठक के एजेंडे में भी रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में तनाव (इजराइल-हमास जंग, व हूती व हिज्बुल्लाह का आतंक) को समाप्त करने की राह तलाशने पर चर्चा करना शामिल है। वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ बिना सिलेक्टिव हुए सामूहिक लड़ाई की जरूरत है। टेरर फंडिंग के स्रोतों को पहचानने व उसे रोकने की आवश्यकता है। जी-7 की बैठक की सार्थकता तभी अधिक होगी, जब दोनों युद्ध को खत्म करने के रास्ते निकलेंगे। आतंकवाद के खात्मे के लिए एक मैकेनिज्म बनेगा। यह भी विडंबना ही है कि संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका व चीन के होते हुए भी रूस व यूक्रेन युद्ध तीसरे साल में भी जारी है। हजराइल व हमास जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही। जंग के लिए यूक्रेन और इजराइल व हमास को मदद करने वाले मुल्कों को अपनी नीति पर विचार करना चाहिए। रूस ने वादा किया है कि 2022 में उसके भू-भाग में मिलाए गए चार क्षेत्रों से यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को हटाना शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह 'तुरंत संघर्ष विराम करेगा और बातचीत शुरू करेगा। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के नेता समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति कायम करने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जिसमें रूस शामिल नहीं होगा। पुतिन का कहना है कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का ठोस समाधान निकालना है, पर उनके प्रस्ताव से समाधान की उम्मीद कम लग रही है। इसमें रूस की एकतरफा शर्त है। अमेरिका की जिद यूक्रेन को नाटो में शामिल कराने की है। इसलिए भी रूस की पेशकश के माने जाने की उम्मीद कम है। अमेरिका और जी-7 के यूरोपीय देश अगर यूक्रेन को आर्थिक व हथियारों की मदद बंद कर दें, तो युद्ध को समाप्त होने में अधिक वक्त नहीं लगेगा। जी-7 में जापान को छोड़कर बाकी सदस्य देशों की रूस के साथ पुरानी अदावत है, इस अदावत के चलते ही अमेरिका व ब्रिटेन खुल कर यूक्रेन के पक्ष में खड़े हैं, ये देश रूस को पस्त करना चाह रहे हैं, पर बर्बादी यूक्रेन की हो रही है। ऐसे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के विवेक पर युद्ध का अंत का सारा दारोमदार ठहर जाता है। जी-7 की बैठक से इतर पीएम नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ वार्ता में कहा है कि शांति का रास्ता 'बातचीत और कूटनीति' से होकर गुजरता है। इससे पहले भी पीएम मोदी राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ अलग अलग बातचीत में युद्ध छोड़ कर वार्ता के टेबल पर आने की अपील कर चुके हैं। भारत चाहता है कि दोनों युद्ध खत्म हों, विश्व में शांति हो, ताकि वैश्विक विकास को गति मिले। यूक्रेन में शांति के लिए स्विटज़रलैंड में होने वाले सम्मेलन के सफल होने की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि जी-7 बैठक से अमेरिका व विकसित यूरोपीय देशों में युद्ध समाप्ति की दिशा में मोमेंटम बनने की पूरी संभावना है।



## विश्लेषण

डॉ. एल. एस. यादव

# रक्षा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटना होगा

केंद्र की नई सरकार गठित हो चुकी है और मंत्रालयों का बंटवारा भी हो चुका है। गठबंधन की इस नई सरकार के समक्ष कई चुनौतियां हैं। अन्य क्षेत्रों की तरह रक्षा क्षेत्र में भी अनेक चुनौतियां हैं, जिनसे रक्षा मंत्रालय एवं तीनों सेनाओं को मिलकर निपटना है। सरकार में राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्री बनाया गया है। वे पिछली सरकार में भी रक्षा मंत्रालय का कामकाज देख रहे थे। रक्षा मंत्री के लिए चीन और पाक की सीमा पर मिलने वाली चुनौतियों से निपटने की सैन्य तैयारियां भी बढ़ानी हैं। उनके लिए वित्त मंत्री से अधिक रक्षा बजट की मांग पूरी करवाना भी विशेष कार्य रहेगा। भारत का रक्षा बजट चुनौतियों के हिसाब से हमेशा कम रहा है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई सरकार गठित हो चुकी है और मंत्रालयों का बंटवारा भी हो चुका है। गठबंधन की इस नई सरकार के समक्ष कई चुनौतियां हैं। अन्य क्षेत्रों की तरह रक्षा क्षेत्र में भी अनेक चुनौतियां हैं, जिनसे रक्षा मंत्रालय एवं तीनों सेनाओं को मिलकर निपटना है। सरकार में राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्री बनाया गया है। वे पिछली सरकार में भी रक्षा मंत्रालय का कामकाज देख रहे थे। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 11 जून को अपना कार्यभार संभाल लिया था। रक्षा मंत्री के तौर पर दूसरे कार्यकाल में राजनाथ सिंह को अग्निपथ योजना की समीक्षा करके उसे आकर्षक बनाने का काम अत्यन्त सामयिक दिया गया है। इसके अलावा सैन्य सुधारों को लागू करना, इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड का गठन, हथियारों के आयात में कमी करना, रक्षा क्षेत्र में आत्म निर्भरता को बढ़ाना, पाकिस्तान व चीन सीमा पर बने तनाव से निपटने के रास्ते निकालने की जिम्मेदारी के साथ ही रक्षा बजट अधिक करवाना है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि रक्षा मंत्री इन सभी से कैसे निपटेंगे?

अग्निपथ योजना में भर्ती होने को लेकर युवाओं ने शुरूआत से ही अपनी नाराजगी जाहिर कर दी थी। इस योजना के विरोध में काफी दिनों तक आन्दोलन चलाए गए। सोशल मीडिया से लेकर ग्राउंड तक युवाओं की यह नाराजगी दिखाई पड़ी थी। यह आत अलग है कि बाद में नवयुवक इस योजना में भर्ती होने लग गए थे। इस योजना का अनेक सेवानिवृत्त सैनिकों ने इसका विरोध करते हुए सवाल उठाए थे। इसके अलावा इस चुनाव में कुछ विपक्षी दलों ने अग्निपथ योजना के मुद्दे को जोर शोर से उठाया। वहीं कुछ लोगों ने इस योजना की समीक्षा की बात की।

उल्लेखनीय है कि इस योजना में युवाओं को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है। यह योजना सेनांगों के लिए थी। इस योजना के 25 प्रतिशत जवानों को ही स्थायी होने का अवसर मिलेगा। शेष जवानों को अन्य क्षेत्रों में रोजगार की तलाश करनी पड़ेगी। स्थायी सैनिकों की तुलना में इनको 30 दिन की छुट्टी मिलती है। अब इस योजना में सुधार को लेकर सेना के भीतर से ही कुछ सुझाव मिले हैं, इसलिए इसकी समीक्षा किए जाने की बात चल रही है और समीक्षा के लिए सचिवों को जिम्मदारी सौंप दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहले ही कह चुके हैं कि अग्निपथ योजना में यदि बदलाव की आवश्यकता हुई तो वे करने को तैयार हैं। सैनिक सुधार करना सरकार के एजेंडे में शामिल है। अपने संकल्प पत्र में भाजपा ने इसे प्रमुखता से शामिल किया था। इन सैन्य सुधारों में सबसे प्रमुख सेना के तीनों अंगों थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना को मिलाकर एकीकृत थिएटर कमांड का गठन करना है। इसमें नए सेनाध्यक्ष की भूमिका प्रमुख होगी। विदित हो कि मोदी सरकार के नेतृत्व में वर्ष 2019 में थिएटर कमांड बनाए जाने का निर्णय हुआ था और उसी समय जनरल विपिन रावत को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाया गया था। इस योजना



का उद्देश्य छोटी या बड़ी लड़ाइयों के समय अपने निश्चित सामरिक लक्ष्यों के साथ विशिष्ट शत्रु आधारित थिएटरों में संयुक्त अभियानों के लिए थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना को एकीकृत करना है। भरतीय सशस्त्र बल थिएटर कमांड के गठन की तैयारियों को पूरा करने में लगे हुए हैं। वर्ष 2019 से अब तक की इस अवधि में निचले स्तर पर सेवाओं को एकीकृत करने के कुछ प्रयास किए गए हैं। बीते पांच वर्षों में थिएटर कमांड के लिए उत्तम संभव मॉडल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अनेक मसौदे तैयार किए गए। अब सरकार गठन के बाद इस पर विचार किए जाने की उम्मीद है।

मार्च 2024 में स्वीडन स्थित स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) यानी कि सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारत संसार के शीर्ष हथियार आयातक देशों में शामिल है। यह संस्था दुनियाभर में हथियारों की खरीद-फरोख्त पर नजर रखती है और प्रतिवर्ष अपनी रिपोर्ट जारी करती है। सिपरी द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया कि भारत ने वर्ष 2019 से 2023 तक पांच वर्षों में दुनियाभर से 9.8 फीसदी हथियार आयात किए हैं। भारत के लिए इस चुनौती से निपटना जरूरी हो गया है, इसलिए यह आवश्यक है कि हथियारों के मामले में दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता को कम किया जाए। यह कार्य कैसे किया जाए इससे रक्षा मंत्री को निपटना होगा। बीते दशक से मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया पर लगातार जोर दिया है। इसी अभियान के तहत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता को काफी बढ़ावा दिया गया है। इसका परिणाम यह हुआ कि भारत के रक्षा उद्योग में सैन्य साजो-सामान का उत्पादन काफी बढ़ गया है। स्वदेशी तकनीक से बनी मिसाइलें, हल्का लड़ाकू विमान तेजस, ध्रुव हेलीकॉप्टर, स्कॉरपियन श्रेणी की पनडुब्बियों ने देश के रक्षा क्षेत्र को काफी आगे बढ़ा दिया है। इस कारण भारत के रक्षा निर्यात में काफी बढ़ोत्तरी हो गई है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत का सैन्य निर्यात 21083 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। फिलीपींस, पोलैंड तथा अफ्रीकी देशों ने भारत में मिसाइलों, विमानों और हेलीकॉप्टरों की खरीद में रुचि दिखाई है। अब जरूरत इस बात की है कि भारत रक्षा मैन्यूफैक्चरिंग इतना आगे बढ़े कि रक्षा आयात को कम किया जा सके।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के लिए पाकिस्तान और चीन की सीमा पर मिलने वाली चुनौतियों से निपटने की सैन्य तैयारियां भी बढ़ानी हैं। जहां पाकिस्तान भारतीय सीमा के नजदीक किसी भी यौद्धिक स्थिति से निपटने के लिए चीन की मदद से बंकर तैयार करने के साथ-साथ अत्याधुनिक हथियार ले रहा है तो दूसरी तरफ चीन के साथ भी तनाव बना हुआ है। वर्ष 2020 में पैदा हुए तनाव के बाद के बाद से अभी तक 21 दौर की वार्ता के बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल नहीं हुई है, इसीलिए चीन और पाकिस्तान की सीमा पर जवान डटे हुए हैं। रक्षा मंत्री के लिए एलएसी तथा एलओसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने की चुनौती होगी।

देश की रक्षा चुनौतियों से निपटने लिए धन की अधिक आवश्यकता होती है। रक्षा मंत्री के लिए वित्त मंत्री से अधिक रक्षा बजट की मांग पूरी करवाना भी विशेष कार्य रहेगा। भारत का रक्षा बजट रक्षा चुनौतियों के हिसाब से हमेशा कम रहा है। भारत का रक्षा बजट 74 अरब डॉलर के लगभग है जबकि अमेरिका का 832 अरब डॉलर, चीन का 227 अरब डॉलर व रूस का 109 अरब डॉलर है। दुनिया के प्रमुख देशों के रक्षा बजट के हिसाब से भारत चौथे नम्बर पर है। चीन का रक्षा बजट भारत से तीन गुना से ज्यादा है। अधिक रक्षा बजट होने पर ही भारत अत्याधुनिक हथियारों के निर्माण के बाद ही अन्य देशों के बराबर पहुंच सकेगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## नीट परिणाम विवाद

राजेश जैन



# दांव पर एनटीए की साख

नीट यूजी 2024 का रिजल्ट 14 जून को जारी होने वाला था, लेकिन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी(एनटीए) ने बिना किसी सूचना के 4 जून को अचानक जारी कर दिया। परिणामों ने तब खलबली मचा दी, जब 67 स्टूडेंट्स ने 720 में से 720 का स्कोर हासिल कर लिया। इससे पहले से चल रही पेपर लीक की आशंकाओं को बल मिला और लोगों ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिए। सोशल मीडिया के करीब सभी प्लेटफॉर्म पर नीट यूजी 2024 का रिजल्ट खूब ट्रेंड कर रहा है। कई सारे स्टूडेंट्स नीट यूजी 2024 के रिजल्ट को स्कैम बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर कई स्टूडेंट्स रिजल्ट में धांधली के आरोप लगा रहे हैं। एनटीए ने इस बीच बार-बार सफाई दी, लेकिन हर सफाई पर नए सवाल खड़े हो गए। सवालों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई, एनटीए के मुखिया को ही उसका चेयरमैन बना दिया गया। गड़बड़ी को लेकर दिल्ली, भोपाल, वाराणसी समेत देशभर में हजारों छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किए हैं। 11 जून को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पेपर लीक के मामले में भले ही काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर एनटीए से कहा है कि नीट यूजी की पवित्रता प्रभावित हुई है। हमें इसका जवाब चाहिए। पेपर लीक जैसी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली और कलकत्ता हाईकोर्ट में नई याचिकाएं दायर की गई हैं और एनटीए की साख दांव पर लगी हुई है। बीते साल नीट यूजी में शामिल अभ्यर्थियों के औसत मार्क्स 279.41 थे, जबकि इस बार यह बढ़कर 323.55 हो गए हैं। काट ऑफ में पहली बार एक ही साल में करीब 45 अंकों की जोरदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। हालत यह है कि पिछले साल 600 नंबर पर कई जनरल बच्चों को सरकारी कॉलेज मिल गया था, इस साल 640 नंबर वाले को भी सीट नहीं मिलेगी। पिछले साल 612 नंबर पर करीब 26 हजार रैंक थी, इस साल 76 हजार स्टूडेंट्स ने यह नंबर हासिल कर लिए। टॉपर्स लिस्ट के सीरियल नंबर 62 से लेकर 69 के स्टूडेंट्स हरियाणा के एक ही सेंटर के हैं। इनमें किसी छात्र के नाम में सरनेम नहीं है। इन 8 में से 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक हासिल हुए है, वहीं, अन्य दो को 719, 718 हैं। ऐसी ही गड़बड़ी यूपी, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और कर्नाटक के टॉपर्स के मामले में आई है। यूपी, तमिलनाडु और गुजरात में रैंक-1 वालों के रोल नंबर काफी करीबी हैं। यह समानता बताती है कि इन स्टूडेंट्स को संभवतः एक ही सेंटर अलॉट हुआ है और एक सेंटर्स से नीट के ज्यादा टॉपर्स निकले। सवाल यह भी उठ रहा है कि किसी भी स्टूडेंट को 720 में से 719 और 718 अंक कैसे मिल सकते हैं। नीट का रिजल्ट 14 जून को आना था, उसे आनन-फानन में 4 जून को तब जारी कर दिया गया जब देश लोकसभा चुनाव के परिणाम में उलझा हुआ था। आखिरी इतनी भी जल्दी क्या थी? इसके अलावा ओएमआर शीट अपलोड नहीं होने, फाड़ देने, जला देने, ओएमआर शीट और मार्कशीट में अलग अलग अंक होने की शिकायतें भी सोशल मीडिया पर खूब की जा रही है। स्टूडेंट्स का कहना है कि अगर कुछ सेंटर्स पर बच्चों का समय बर्बाद हुआ था तो उनको अतिरिक्त समय दिया जाता ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गए। मामले में पारदर्शिता नहीं बरती गई। बिना जानकारी के ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गए। वे बिना ग्रेस मार्क्स के नीट की ओरिजिनल मेरिट लिस्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। एनटीए ने स्पष्टीकरण जारी कर बताया है कि 5 मई को परीक्षा के दौरान कुछ सेंटर्स पर बहुत से स्टूडेंट्स का समय बर्बाद हुआ था। इसको लेकर पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट, दिल्ली व छत्तीसगढ़ में रिट पिटिशन दाखिल की गई थी। इसके चलते ग्रेस मार्क्स देने के लिए कमेटी बनाई गई थी। उसने एग्जाम सेंटर के सीसीटीवी और मौजूद कर्मचरियों की रिपोर्ट के आधार पर मूल्यांकन किया और यह मामला सही निकला। इसके लिए नॉर्मलाइजेशन फॉर्मूला लागू किया गया जो कि 13 जून 2018 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद क्लेट एक्जाम में टाइम लॉस की स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया गया था। बहरहाल, नीट में कुछ छात्रों द्वारा असाधारण अंक प्राप्त करना सामान्य नहीं है। यह परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता कई उम्मीदों के साथ अपने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाते हैं, लेकिन जब परीक्षा में धांधली होती है तो इनकी उम्मीदें टूट जाती हैं। इससे उन छात्रों के बीच निराशा पैदा कर दी है जो कठोर तैयारी के बावजूद कटऑफ से चूक गए। इससे मेडिकल शिक्षा प्रणाली में भरोसा भी कम होगा। विश्वास बनाए रखना और समान अवसर सुनिश्चित करना अहम है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित

## दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

# बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कायर आतंकवादियों को सबक सिखाना जरूरी

जिस तरह से जम्मू कश्मीर के रियासी क्षेत्र में मां वैष्णो देवी के दरबार से दर्शन करके लौटते श्रद्धालुओं की बस पर समाज पर कलंक आतंकवादियों द्वारा हमला करने की कायरतापूर्ण घटना को अंजाम दिया गया है, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। साथ ही पाकिस्तान की निरंतर इस तरह की आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की कायराना सोच को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। हैरानी की बात है कि कायर आतंकवादियों द्वारा जिस तरह से दर्शनों से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस पर फायरिंग को अंजाम दिया गया, वहीं इस तरह से निर्दोष लोगों पर हमला करके आतंकवादियों ने यह दर्शा दिया है कि वे समूची मानवता पर ही कलंक हैं।

-रोहित गुप्ता, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# ईरान ने सेंट्रीफ्यूज लगाना किया शुरू

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू किया है और आगामी हफ्तों में अन्य को भी लगाये जाने की योजना है। वहीं, अमेरिका ने इस कदम को परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया है। नये सेंट्रीफ्यूज लगाये जाने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम में और तेजी आएगी, जो पहले से यूरेनियम का संवर्द्धन कर उसे आयुध स्तर का बना चुका है और कई परमाणु आयुध बनाने के लिए इसका पर्याप्त भंडारण कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्वीकारोक्ति में, ईरान के अधिक संवर्द्धन करने की योजना का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने कहा कि इसके निरीक्षकों ने सोमवार को सत्यापित किया कि ईरान ने अपने नतांज संवर्द्धन केंद्र में उन्नत आईआर-4 और आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज के तीन 'कासकेड' में यूरेनियम भरना शुरू कर दिया है। कासकेड, सेंट्रीफ्यूज का एक समूह है जो यूरेनियम के संवर्द्धन में तेजी लाता है।



## ऑफ बीट

# दुनिया के अकेले पौधे के लिए महिला साथी की तलाश

जीवाश्म विज्ञानी रिचर्ड फोर्टी ने जीवन के विकास के बारे में अपनी पुस्तक में एक पौधे के बारे में लिखा है, 'नि:संदेह यह दुनिया का सबसे अकेला जीव है।' दरअसल वह दक्षिण अफ्रीका के एक पौधे एन्सेफलार्टोस वुडी (ई. वुडी) के बारे में बात कर रहे थे। ई. वुडी साइकैड परिवार का एक सदस्य है। ये पौधे मोटे तने और बड़ी कड़ी पत्तियों वाले होते हैं और इनकी पत्तियां जैसे एक राजसी मुकुट जैसा बनाती हैं। इन लचीले उत्तरजीवियों ने डायनासोर और कई सामूहिक विलुप्तियों को मात दी है। एक समय इनका अस्तित्व बड़े पैमाने पर था, लेकिन आज ये ग्रह पर सबसे विलुप्त प्रजातियों में से एक हैं। एकमात्र ज्ञात जंगली ई. वुडी की खोज 1895 में वनस्पतिशास्त्री जॉन मेडले वुड द्वारा की गई थी, जब वह दक्षिण अफ्रीका के नगोय वन में वनस्पति अभियान पर थे। उन्होंने आसपास इसके जैसे अन्य पौधों की तलाश की, लेकिन कोई नहीं मिला। अगले कुछ दशकों में, वनस्पतिशास्त्रियों ने तने और शाखाएँ हटा दीं और बगीचों में इनकी खेती की। इस डर से कि अंतिम तना नष्ट हो जाएगा, वन विभाग ने 1916 में इसे दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया में एक सुरक्षात्मक बाड़े में सुरक्षित रखने के लिए जंगल से हटा दिया, जिससे यह जंगल से विलुप्त हो गया। तब से यह पौधा दुनिया भर में उगाया गया है।



## ट्रेंड

### करियर से खिलवाड़ नहीं होगा



नीट परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। मैं परीक्षार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि किसी भी बच्चे के करियर से खिलवाड़ नहीं होगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार सरकार आवश्यक कदम उठाएगी।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### जीवन की सार्थकता



जैसे नदी की संपूर्णता सागर तक पहुंचने और अपने अस्तित्व को उसमें विलीन कर देने में निहित है, उसी प्रकार जीवन की सार्थकता ईश्वरीय विधान के प्रति समर्पण से सिद्ध होती है। अहंकार के अवसान होते ही जीवन की दिव्यताएं प्रकट होने लगती हैं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### सावधान रहना होगा



अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद पासी जी की मरने की कामना की जा रही है। बीजेपी को दलितों से इतनी नफ़रत है कि अयोध्या से सपा सांसद को मारने की तैयारी चल रही है। पीडीए को बीजेपी जैसी नफरती पार्टी से सावधान रहना होगा।

-संजय सिंह, आप नेता

### उनके लिए दुखी हैं



कुवैत में भीषण अग्निकांड में 42 लोगों की मौत हो गई। वे महान व्यक्तिगत बलिदान देकर विदेश गए। वे काम पर गए और अपने पीछे छोड़े गए परिवारों के लिए बेहतर जीवन अर्जित किया। हम उनके लिए दुखी हैं।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com

वेब-साइट: www.haribhoomi.com




# भूजल समस्याग्रस्त गांवों के लिए अब मल्टी विलेज योजना, 10 लाख परिवारों को मिलेगा मीठा जल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

## 4527 करोड़ रुपए की लागत, 18 जिलों के लिए है योजना



छत्तीसगढ़ के ऐसे गांव जहां भूजल स्तर काफी कम हो गया है और लोगों को पीने का पानी मिलना मुश्किल हो रहा है, प्रदेश के ऐसे गांवों के लिए साढ़े चार हजार करोड़ रुपए से अधिक की मल्टी विलेज योजना पर काम किया जा रहा है। यह काम जलजीवन मिशन के माध्यम से कराया जा रहा है। इससे करीब 10 लाख लोगों को पीने के लिए मीठा जल मिलेगा। इन गांवों में भूजल स्तर नीचे जाने के कारण खारे पानी, भू-जल में भारी तत्वों की मौजूदगी या जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने की वजह से लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा है।

बताया गया है कि 4527 करोड़ रुपए की लागत से राज्य के 18 जिलों में 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम प्रारंभ हो गया है। इन योजनाओं के माध्यम से 3234 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। इन गांवों के दस लाख से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने सभी मल्टी-विलेज योजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, जिससे लोगों तक यथाशीघ्र साफ पेयजल पहुंच सके।

राज्य के अनेक जिलों में नलकूपों के गिरते हुए जल स्तर के कारण गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या आती है। ऐसे गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल-विलेज योजनाओं के लिए सफल पेयजल स्त्रोतों की कमी को देखते हुए सतही स्त्रोत पर आधारित मल्टी-विलेज योजनाएं बनाई गई हैं। राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से प्रदेश में 71 मल्टी-विलेज योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी योजनाओं के अवयवों की ड्राइंग एवं डिजाइन की जांच राष्ट्रीय स्तर पर सुविख्यात आईआईटी एवं एनआईटी के माध्यम से कराई जा रही हैं।

जल जीवन मिशन के तहत इन मल्टी-विलेज योजनाओं में स्थानीय नदी पर निर्मित एनीकट, बांध एवं नहर के पानी का उपयोग किया जाएगा। जल संग्रहण के लिए इन्टेकवेल तथा जल शुद्धिकरण के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत उच्च स्तरीय एम.बी.आर. (मास्टर बैलेंस रिजवायर) भी बनाए जा रहे हैं। इन्टेकवेल से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक डीआई पाइप रॉ वाटर पम्पिग मेन तथा ट्रीटमेंट प्लांट से एमबीआर तक क्लियर वाटर पम्पिंग मेन बिछाए जा रहे हैं। एमबीआर के माध्यम से योजना से लाभान्वित होने वाले गांवों में निर्मित उच्च स्तरीय टंकियों तक पेयजल पहुंचाने के लिए डीआईओ-पीवीसी पाइपलाइन भी बिछाई जा रही हैं। इन योजनाओं का काम पूर्ण करने के लिए ठेकेदारों को 12 महीने का समय दिया गया है।

### 18 जिलों के 3234 गांवों को मिलेगा साफ पेयजल

जल जीवन मिशन के अंतर्गत मल्टी-विलेज योजनाओं के माध्यम से 18 जिलों के 3234 गांवों में जलापूर्ति की जाएगी। इनमें रायगढ़ जिले के 396, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के 16, कोरबा के 245, जांजगीर-चांपा के 32, राजनांदगांव के 393, महासमुंद के 48, कबीरधाम के 31, गरियाबंद के नौ, बिलासपुर के 93, सूरजपुर के 413, मुंगेली के 240, दुर्ग के 201, बलौदाबाजार-भाटापारा के 192, बेमेतरा के 219, कोरिया के 292, बालोद के 148, सरगुजा के 190 और धमतरी जिले के 76 गांव शामिल हैं।

# वार्डों के परिसीमन में हर निकाय के वार्डों की जनसंख्या एक जैसी होगी

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

## 2011 की जनगणना के बाद काफी बढ़ी है जनसंख्या नगरीय प्रशासन ने कलेक्टरों को भेजा नया निर्देश



छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए वार्डों के परिसीमन के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के लिए जारी निर्देश में साफ किया है, वार्डों की रचना इस प्रकार होगी कि हर वार्ड की जनसंख्या पूरे नगरीय क्षेत्र की जनसंख्या एक जैसी होगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को भेजे निर्देश में कहा है कि वर्ष 2011 की जनगणना के बाद नगरीय निकायों की जनसंख्या में गैर अनुपातिक वृद्धि हुई है। इसके हिसाब से वार्ड मतदाता संख्या में भी गैर अनुपातिक वृद्धि के कारण वार्डवार मतदाता संख्या में अनुपातिक अंतर आने की संभावना है।

राज्य सरकार ने परिसीमन के काम के लिए प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण देने की तैयारी में है। यह काम जुलाई महीने तक किया जाएगा। लेकिन इससे पहले जिन नगरीय निकायों में वार्डों की जनसंख्या छत्तीसगढ़ नगरपालिका वार्डों के विस्तार नियम के तहत काम किया जाएगा। वार्डों की जनसंख्या को एक समान रखने की तैयारी है। जिन वार्डों में जनसंख्या एक जैसी नहीं है वहां नगरीय क्षेत्र की सीमाएं विघटित हो गईं हैं। या नवगठित नगरीय निकाय( नगर पालिका, नगर पंचायत) के लिए वार्डों की संख्या में बदलाव हुआ हो या नगर पालिक निगम की सीमा से क्षेत्रों को अलग किए जाने के कारण बदलाव हुआ है। वहां परिसीमन अनिवार्य होगा। नगरीय प्रशासन विभाग ने कलेक्टरों से ये भी कहा है कि नगरीय क्षेत्र के वर्ष 2011 की जनगणना तथा पिछले आम चुनाव में उपलब्ध मतदाता संख्या के के आंकड़ों के आधार पर वार्ड की भौगोलिक स्थिति एवं प्रत्येक वार्ड की औसत अनुमानित जनसंख्या को देखते हुए नए सिरे से नगरीय क्षेत्रों का परिसीमन किया जाए।

### परिसीमन पर आपत्ति एवं सुझाव लिए जाएंगे

बताया गया है कि वार्डों का परिसीमन होने के बाद सीमा निर्धारण होने के बाद कलेक्टर कार्यालय एवं निगम, पालिक, नगर पंचायत कार्यालय में प्रारंभिक सूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसके आधार पर आपत्तियां एवं सुझाव लिए जाएंगे। क्षेत्र के नागरिक सात दिनों के अंदर आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत किए जा सकेंगे। ये आपत्तियां एवं सुझाव कलेक्टर को भेजे जाएंगे। कलेक्टर अपने सुझाव व अभिमत के साथ इसे राज्य सरकार को भेजेंगे। राज्य सरकार कलेक्टर के मत पर विचार करते हुए आपत्तियों एवं सुझाव पर निर्णय लेकर वार्डों की सीमाओं का राजपत्र में प्रकाशन कराएगा। कलेक्टरों से ये भी कहा गया है कि जिन वार्डों में परिसीमन की आवश्यकता नहीं है, यह जानकारी भी सरकार को देंगे।

# आज आएंगे नितिन नवीन, कल दिनभर चलेगा बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के चुनाव प्रभारी और प्रदेश सहप्रभारी, बिहार के मंत्री नितिन नवीन दो दिनों के दौरे पर शनिवार रात रायपुर पहुंचेंगे। अगले दिन रविवार को सुबह से लेकर रात तक बैठकों का दौर चलेगा। इसमें पहले कोर कमेटी की बैठक होगी। इसके बाद विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सारे मंत्री और विधायक शामिल होंगे। अंत में सभी सांसदों की बैठक होगी। बैठक में एक तो लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा होगी, साथ ही आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी।

लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस बार भी 11 में से 10 सीटों पर जीत मिली है। भाजपा का सभी 11 सीटें जीतने का सपना पूरा नहीं हो सका है। लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार समीक्षा हो रही है। एक दिन पहले ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सभी सांसदों से वन-टू-वन करके लोकसभाओं की स्थिति के बारे में पूरा फीडबैक लिया है। अब चुनाव के बाद पहली बार प्रदेश के चुनाव प्रभारी नितिन नवीन आ रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव की होगी समीक्षा, आगे के कार्यक्रमों की तय करेंगे रूपरेखा



### कोर कमेटी, सांसद विधायकों की बैठक

श्री नवीन शनिवार की रात को 8 बजे यहां पहुंचेंगे। यहां आने के बाद वे रात्रि विश्राम कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में करेंगे। इसके बाद अगले दिन रविवार को सुबह से बैठकों का दौर प्रारंभ होगा। पहले कोर कमेटी की बैठक होगी। इसके बाद प्रदेश की साय सरकार के मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक होगी। इसमें प्रदेश सरकार के छह माह के कामों को लेकर चर्चा होगी। इसी के साथ लोकसभा चुनाव में जिन मंत्रियों और विधायकों को लोकसभाओं का जिम्मा दिया गया था, उन लोकसभाओं में क्या स्थिति रही, इसे लेकर समीक्षा होगी। अंत में सभी सांसदों से चर्चा होगी। बैठकों में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री रामू रोहरा, भरत वर्मा सहित प्रदेश के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।




### कार्य में लापरवाही, बिजली विभाग कुनकुरी के एई और जेई निलंबित

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने काम में लापरवाही करने वालों पर गाज गिराने का क्रम प्रारंभ कर दिया है। कुछ दिनों पहले ही पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी. दयानंद ने अधिकारियों की बैठक में काम में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने की बात की थी, अब इस पर अमल प्रारंभ हो गया है। कुनकुरी शहर में विद्युत सुधार संबंधी कार्यों में लापरवाही बरतने के लिए कुनकुरी में पदस्थ सहायक यंत्री आरआर साहू तथा कनिष्ठ यंत्री दिनेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता अंबिकापुर शिरीष सेलट द्वारा जारी आदेशानुसार के मुताबिक कार्यपालन यंत्री (संचालन-संचारण) संभाग जशपुर, अधीनस्थ कार्यालय सहायक यंत्री उपसंभाग कुनकुरी में पदस्थ आरआर साहू सहायक यंत्री को कार्य में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वृत्त बैकुंठपुर निर्धारित किया गया है। इसी तरह अधीक्षण यंत्री अंबिकापुर आर.के मिश्रा द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यपालन यंत्री (संचालन-संधारण) संभाग जशपुर अधीनस्थ कार्यालय कनिष्ठ यंत्री वितरण केंद्र कुनकुरी में पदस्थ दिनेश कनिष्ठ यंत्री को कार्य में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय कार्यपालन यंत्री (संचालन-संधारण), संभाग बलरामपुर निर्धारित किया गया है।



बीमार एनिमल के ठीक होने के बाद 30 दिन के भीतर छोड़ने के नियमों की अनदेखी

# जंगल सफारी में रेस्क्यू कर लाए गए एनीमल की संख्या दो सौ के करीब पहुंची

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

चिड़िया घर केवल मनोरंजन का केंद्र ही नहीं है, चिड़िया घर घायल तथा बीमार वन्यजीवों के लिए उपचार केंद्र भी है। इसके लिए केंद्रीय चिड़िया घर प्राधिकरण (सीजेडए) ने सख्त नियम भी बनाए हैं। मानव निर्मित एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी में सीजेडए के नियमों की अनदेखी की जा रही है। सफारी में जंगल से रेस्क्यू कर लाए गए घायल तथा बीमार वन्यजीवों को ठीक होने के बाद जंगल में छोड़ने का नियम है। सफारी प्रबंधन ने नियम के विरुद्ध रेस्क्यू कर लाए गए बीमार एनिमल के ठीक होने के बाद जंगल में छोड़ने के बजाय सफारी को वन्यजीव का स्थायी घर बना दिया है।



गौरतलब है कि जंगल सफारी में वर्तमान में छह सौ के करीब वन्यजीव हैं, उनमें से 180 के करीब वन्यजीव राज्य के अलग-अलग क्षेत्र से रेस्क्यू कर लाए गए हैं। सीजेडए के नियम के मुताबिक जू में रेस्क्यू कर लाए गए उन्हीं वन्यजीवों को रखने का नियम है, जो स्थायी रूप से अपंग हो गया है। साथ ही बीमार तथा घायल अवस्था में लाए गए वन्यजीवों को उपचार करने के बाद जंगल में पुनः छोड़े जाने का नियम है। जंगल सफारी जब से शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक रेस्क्यू कर लाए गए वन्यजीवों में गिनती के वन्यजीवों को उनके रहवास क्षेत्र में छोड़ा गया है।

गरियाबंद से लेकर कई अन्य जगहों से तस्करों के कब्जे से तोता से लेकर कई अन्य प्रजाति के वन्यजीव को रेस्क्यू कर सुरक्षा की दृष्टि से जंगल सफारी में रखा गया है। ऐसे मामलों में जिन क्षेत्र के वन अफसरों ने पक्षी तथा वन्यजीवों को जब्त कर पीओआर दर्ज की है, उन अफसरों ने उन पक्षियों तथा वन्यजीवों को जंगल में छोड़ने कोर्ट में आवेदन तक पेश करना उचित नहीं समझा। ऐसे मामलों के भी पक्षी तथा वन्यजीव सफारी में कैद की जिंदगी जी रहे हैं। सीजेडए के नियमों के मुताबिक जंगल में घायल या बीमार वन्यजीवों को उपचार के लिए रेस्क्यू कर जू में लाया जाता है, ऐसी स्थिति में एनिमल के उपचार करने के बाद उसके ठीक होने के 30 दिन के भीतर जंगल में छोड़ने का नियम है। रेस्क्यू कर लाए गए उन्ही वन्यजीवों को जू में रखा जा सकता है जो स्थायी तौर पर अपंग हो गया हो।

अफसरों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रेस्क्यू कर लाए गए वन्यजीवों में सात के करीब भालू के साथ पांच तेंदुआ, दो लकड़बग्घा सहित बंदर तथा कई अन्य प्रजाति के वन्यजीव तथा पक्षी शामिल हैं। सफारी में रेस्क्यू कर लाए गए ज्यादातर जानवर पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

# आरपीएफ के अभियान से ट्रेनों में बेवजह चेन पुलिंग हुई कम, 5 महीने में केवल 134 गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

ट्रेनों में बेवजह चेन पुलिंग को लेकर आरपीएफ अब सख्त रुख अपना रही है। रेल सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण चेन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। यही वजह है कि अब रायपुर रेलवे स्टेशन पर बीते 5 महीने में बेवजह चेन पुलिंग के मामलों में कमी देखने को मिली है। जनवरी से अभी तक केवल 134 मामले में आरपीएफ ने यात्रियों की गिरफ्तारी की है। रेल सुरक्षा बल का कहना है कि तत्काल कार्रवाई और लगातार अभियान चलाने के कारण ही चेन पुलिंग के मामलों में कमी हुई है। अप्रैल से मई के बीच त्योहारी सीजन के साथ भीड़ के समय में भी बेवजह चेन पुलिंग के मामलों को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। पिछले सालभर में हजार से अधिक मामलों में कार्रवाई की थी। यात्रियों में जागरूकता आने से अब बेवजह चेन पुलिंग 70 फीसदी कम हो चुकी है। उचित कारणों से ट्रेन रोकने वालों की संख्या रेलवे में जरूर बढ़ी है। सारनाथ, अमरकंटक, आजाद हिंद समेत छत्तीसगढ़ और संपर्कक्रांति समेत हावड़ा व मुंबई की ट्रेनों में अधिक है।



हरिभूमि ने जब बेवजह चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों की पड़ताल की, तो 134 मामलों में सबसे ज्यादा ट्रेन रोकने वालों में युवा वर्ग शामिल है। कई मामले में समय से पहले नहीं पहुंचने पर परिजनों व दोस्तों के लिए ही एक से दो बार चेन पुलिंग कर दी। इस कारण 10 मिनट तक ट्रेन लेट हो गई। कुछ यात्रियों ने आरपीएफ को यह भी बताया कि चेन खींचने से ट्रेन कैसे रुकती है यह देखने के लिए चेन पुलिंग की। कुछ युवाओं और असामाजिक तत्वों ने केवल परेशान करने के उद्देश्य चेन पुलिंग की। ऐसे सभी यात्रियों को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया।

रेलवे स्टेशन से लेकर ट्रेन में रेल सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित यात्रा की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायपुर आरपीएफ निरीक्षक एस. दत्ता द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान प्लेटफार्म पर गाड़ी की प्रतीक्षा में बैठे यात्रियों, यात्री प्रतीक्षालय रूम तथा गाड़ियों में यात्रियों को बैनर और मेगाफोन के माध्यम से यात्री गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने के बारे में जागरूक किया जाता है। यात्रियों को समझाया कि वे समय पर स्टेशन प्लेटफार्म पर आकर, ट्रेन के आगमन पर अपनी-अपनी सीट पर बैठ जाएं, चलती गाड़ी में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें।

# शिक्षा को लगी नजर उतारने नीबू-मिर्च और गंगाजल लेकर पहुंचे छात्र

**रायपुर।** जिला शिक्षा कार्यालय में शुक्रवार को एनएसयूआई ने जमकर हंगामा किया। इसके पूर्व बीते सप्ताह भी छात्रों द्वारा यहां धरना-प्रदर्शन किया गया था। छात्र संगठन द्वारा बगैर मान्यता संचालित हो रहे स्कूलों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। छात्रों ने यहां गंगाजल से परिसर का शुद्धिकरण किया और शिक्षा व्यवस्था को लगी नजर उतारकर नीबू-मिर्च लगाया। एनएसयूआई का आरोप है कि जिले में कई ऐसे स्कूल हैं, जिन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है। इसके बाद भी उनका संचालन हो रहा है। यहां नए सत्र में छात्रों को प्रवेश भी दिया जा रहा है। इस पर भी जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किसी तरह की रोक नहीं लगाई जा सकी है। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने कि उनके द्वारा लगातार डीईओ से मिलकर समस्याएं रखी जा रही हैं, लेकिन डीईओ विजय खंडेलवाल द्वारा सिर्फ रिमाइंडर दिया जा रहा है। किसी तरह की कोई कार्रवाई ना होने का आरोप छात्रों द्वारा लगाया गया है। छात्रों ने गैर मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों को 18 जून तक बंद करने अथवा उन्हें रेगुलाइज्ड करते हुए मान्यता संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग की है।

## प्रमोशन में आरक्षण, सरकार ने पुराने आदेश किए निरस्त

**रायपुर।** प्रमोशन में आरक्षण संबंधी मामले में हाईकोर्ट बिलासपुर का आदेश आने के बाद राज्य सरकार ने इससे संबंधित पुराने आदेश को निरस्त कर दिया है। इस संबंध में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नया निर्देश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में पिछले दिसंबर 2019 और फरवरी 2020 में जो परिपत्र जारी किया था, उसे निरस्त किया गया है। राज्य सरकार द्वारा 22 अक्टूबर, 2019 को प्रदेश में प्रमोशन पर आरक्षण के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इसके अंतर्गत पहली से चौथी श्रेणी वाले कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने की बात कही गई थी। इसमें अनुसूचित जाति को 13 परसेंट, जबकि अनुसूचित जन जाति के लिए 32 परसेंट आरक्षण की व्यवस्था की गई है। नोटिफिकेशन में यह साफ किया गया था कि यह आरक्षण पहली कैटेगरी के पदों से प्रथम श्रेणी के हायर पे स्केल के पदों पर प्रमोट होने, सेकेंड कैटेगरी के पदों से पहली कैटेगरी के पदों पर प्रमोशन और तीसरी कैटेगरी के पदों पर प्रमोशन होने पर दिया जाएगा।


**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL),CSPGCL,**
**Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013**
Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

**No.04-04/W/573** **Raipur, date10.06.2024**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from consultants having experience of complete track renovation work of Railway Siding in Govt./Public Sector Undertaking/ Public Sector etc. for Consultancy services for DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East & shall be considered only on submission of experience certificate for work as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/22 | Consultancy services for complete track renovation work of Private Railway Siding of DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 70.80 Lacs |

**Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal : 50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.**

//Save Electricity//

**Chief Engineer (Civil)**
**CSPGCL, Raipur**



**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL),CSPGCL,**
**Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013**
Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

**No.04-04/W/572** **Raipur, date10.06.2024**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL in three-part tendering system. The unregistered contractor having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/20 | Renewal coat of branch tar road at Zone "B" of CDEF type colony at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 99.73 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/21 | Supply, laying and construction of sewerage network for DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 74.63 Lacs |

**Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal : 50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.**

//Save Electricity//

**Chief Engineer (Civil)**
**CSPGCL, Raipur**


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नीट पर उबाल...

लगभग 35 उम्मीदवारों को नीट -यूजी के प्रश्नपत्र और उत्तर उपलब्ध कराए गए थे। इनमें से कुछ प्रश्नपत्र जले हुए मिले हैं, लेकिन अभी तक इस मामले में सख्त एक्शन नहीं लिया गया और ना ही एनटीए की तरफ से कोई जवाब सामने आया है इस बात को पुलिस ने संज्ञान में लेकर मामले की जांच शुरू की है। इन छात्रों ने नीट क्लियर करने और गोधरा में एक ख़ास सेंटर में अपना सेंटर चुनने के लिए 10 लाख की रिश्वत दी। **गोधरा में ऐसे हुई नकल, अधिकारी के पास मिले नंबर-** परीक्षा के दिन गुजरात के पंचमहल के जिला कलेक्टर को एक एग्जाम सेंटर पर गड़बड़ी की जानकारी मिली. एग्जाम सेंटर निगरानी रखने वाले असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट तुषार भट्ट के मोबाइल फोन से 30 परीक्षार्थियों के नाम और उनके मोबाइल नंबर मिले। इन 30 परीक्षार्थियों ने तुषार भट्ट से संपर्क किया था, जिन्हें नीट पेपर शुरू होने से पहले कहा गया था कि जितना आता है उतना ही अटेंप्ट करें, बाकी शीट खाली छोड़ दें। कहा जा रहा है कि ओएमआर शीट में बाकी आंसर तुषार भरने वाला था। **गोधरा में तीन मुख्य आरोपी समेत 5 गिरफ्तार-** जिन छात्रों की लिस्ट मुख्य आरोपी तुषार भट्ट के फोन से मिली है उन्हीं से पैसे लेने की बात सामने आई है। इसकी भनक लगते ही एग्जाम के दिन ही तुषार भट्ट और दो प्रिंसिपल समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में लिया गया। कोर्ट ने इन सभी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। पुलिस ने 30 परीक्षार्थियों के माता-पिता से भी पूछताछ की है। **सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए की याचिका पर नोटिस जारी किया-** उच्चतम न्यायालय ने उन लोगों से जवाब मांगा, जिन्होंने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए नीट-यूजी, 2024 की परीक्षा दोबारा कराने के लिए विभिन्न उच्च न्यायालयों का रुख किया था। न्यायालय ने एनटीए की याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें ऐसे मामलों को शीर्ष अदालत में हस्तांतरित करने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने नोटिस जारी करने का आदेश देते हुए कहा कि आठ जुलाई को इस पर नीट-यूजी विवाद से संबंधित अन्य याचिकाओं के साथ सुनवाई होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए...

सीबीआई जांच की मांगा वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। कोर्ट ने नीट परीक्षाओं को लेकर अन्य याचिकाओं पर भी एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट विभिन्न हाईकोर्ट में नीट को लेकर दाखिल सभी याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

### 2.30 करोड़ के लेनदेन...

से किया गया था। पुलिस ने 8 ब्लैंक चेक, 2.30 करोड़ के भरे हुए चेक और चीटिंग के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइज बरामद किए हैं। इन छात्रों ने नीट क्लियर करने और गोधरा में एक ख़ास सेंटर में अपना सेंटर चुनने के लिए 10 लाख की रिश्वत दी।

### कोल मामले में दो ...

सुनाया है। ईओडब्लू द्वारा जारी बयान के मुताबिक लेवी वसूलने के आरोप में बिलासपुर से हेमंत जायसवाल तथा कोरबा से चंद्रप्रकाश जायसवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारियों के खिलाफ ईओडब्लू ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7-ए, 12 तथा आईपीसी की धारा 120बी, 384 तथा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है। जांच एजेंसी द्वारा जारी बयान के मुताबिक दोनों कारोबारी शुरू से ही कोल लेवी वसूली में सक्रिय रहे हैं। इस वजह से दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

### 5800 करोड़ की ...

इंडिया फाइनेंस लिमिटेड और स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर के माध्यम से लोन हासिल किया था। एसकेएस से जुड़ी कंपनियों ने लोन लेने के बाद लोन चुकाने के बजाए पांच हजार 717 करोड़ रुपए की संपत्ति गलत तरीके से नीलामी कर दी। **इन कंपनियों के खिलाफ अपराध दर्ज –** सीबीआई ने जिन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है, उनमें मेसर्स एसकेएस पॉवर लिमिटेड से जुड़ी कंपनी के डायरेक्टर अनिल महाबीर गुप्ता, अभय कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, महावीर प्रसाद गुप्ता, दीपक गुप्ता, एसकेएस कंपनी की मुंबई ब्रांच के अनीश अनिल गुप्ता के अलावा मुंबई में कंपनी के दो प्रमोटर तथा डायरेक्टर के अलावा रायपुर के श्री कृष्णा स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रेमलता गुप्ता, सीए प्रीतम बोरिया, मेसर्स सीथर लिमिटेड के निदेशक कंडासामी सुब्बुराज, लाभेश्वरी एजेंसी के निदेशक संदीप कुमार गुप्ता, हंसनाथ यादव, मुंबई में एसकेएस के दो प्रमोटर तथा डायरेक्टर के अलावा कोलकाता की रिवर व्यू, रणभूमि, एवरन्यू सिक्योरिटीज कंपनी सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं।

### भूपेश बोले- नागपुर से...

को अपने पद पर एक भी मिनट रहने का अधिकार नहीं है। अपराधियों को सरकार पकड़े और उन पर कड़ी कार्रवाई करे। निर्दोष लोगों के साथ गलत ना किया जाए। इस मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, कांग्रेस बलौदाबाजार जैसी घटना पर भी राजनीति कर रही है। यह बेहद शर्मनाक है, जबकि सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए पहले कलेक्टर-एसपी को हटाया गया, फिर दोनों को निलंबति किया गया। मामले में कई एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही कई उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। श्री बघेल ने कहा, देश और प्रदेश के इतिहास में एसपी और कलेक्टर कार्यालय को कभी नहीं फूंका गया। सभा स्थल से कलेक्टोरेट की दूरी लगभग 2 किलोमीटर है। सभा में सुबह 10 बजे से लोगों का आना शुरू हो गया था। सभा में अन्य जिलों से भी लोग आए थे। प्रशासन की तरफ से कोई भी व्यवस्था नहीं की गई थी। कार्यालय को तोड़ा गया, आग लगा दी गई, लेकिन प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। हिंसक प्रदर्शन के बाद पूरे बलौदाबाजार जिले में दहशत का वातावरण है। कोई भी कुछ कह नहीं रहा है। इस घटना के बाद बहुत से लोग लापता हैं। कल एक महिला आई थी, उनके पति लापता हैं। मुंगेली से एक व्यक्ति पिक्चर देखने आया था, उसको सिनेमा हॉल से ही उठाकर पुलिस ले गई। रास्ते में पकड़-पकड़ कर पुलिस ने आम लोगों को मारा और अंदर किया है। पुलिस निरंकुश हो गई है। यह बहुत दुर्भाग्यजनक है। अगर समय रहते पुलिस व्यवस्था कर ली गई होती, तो यह घटना नहीं होती। **सरकार मामले में गंभीर : विजय शर्मा** – गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, मामले में हमारी सरकार पूरी तरह से गंभीर है। एसपी और कलेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। उनकी घोर लापरवाही की वजह से ऐसा किया गया है। जितने भी वीडियो प्रकाश में आए हैं, उससे बहुत सारी बातें स्पष्ट होती हैं। कुछ और भी फीडबैक आया है, इससे भी बहुत कुछ स्पष्ट हुआ है। इसमें जांच की जा रही है। इस घटना के बाद पुलिस महकमा पूरी तरह से सजग है। **भाजपा ने भी बनाई जांच टीम** – प्रदेश भाजपा संगठन ने भी इस मामले में जांच टीम बनाई है। इसमें प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल को संयोजक बनाया गया है। सदस्यों में प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा के साथ ही पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, रंजना साहू और नवीन मार्कंडेय को रखा गया है। कमेटी घटना स्थल का दौरा करने के बाद अपनी रिपोर्ट सात दिनों में सौंपेगी।

### कांग्रेस नेताओं ने लोगों को...

का वहां क्या काम था? दरअसल, कांग्रेस नेताओं ने लोगों को भड़काने का काम किया है। श्री साव ने कहा, सत्ता जाने के बाद कांग्रेस नेताओं में भारी बौखलाहट है। ये लोग अपनी राजनीति के लिए छत्तीसगढ़ को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं, इसे जनता जान चुकी है। वहीं सरकार पूरी तरह से सजग है, छत्तीसगढ़ में किसी भी कीमत पर अराजकता और हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर कठोरता से कार्रवाई की जाएगी।

### जर्जर स्कूलों पर बोले शिक्षामंत्री...

इसके अलावा शिक्षामंत्री ने कहा, जर्जर स्कूलों को बनाने का काम शुरू हुआ है। नए शैक्षणिक सत्र की पूरी तैयारी है। 18 जून से शाला प्रवेशोत्सव है। गणवेश और किताबों का वितरण शुरू हो गया है। बच्चों को साइकिल भी बांटी जाएगी। शिक्षा मंत्री के बयान के बाद अब प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र स्थिति सुधरने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर...

प्रारंभ होने के पूर्व ही हरिभूमि ने प्रदेशभर के स्कूलों की ग्राउंड रिपोर्टिंग की। इसमें पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर वनांचल के स्कूलों की स्थिति को भी दर्शाया गया कि किस तरह वहां छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस तरह के हालात बड़े शहर और राजधानी में भी है। इसे भी हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।


**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
**O/o The Executive Engineer (STM) Dn., CSPDCL, Korba**

No.33-75/Pur/T-1/2024-25/217 /Korba, dated 14.06.2024

**NOTICE INVITING TENDER**

CSPDCL is invited Online bid through e-bidding system (SAP SRM) from the experienced eligible reputed contractors for following works: -

| Tender No /Rfx no. | Particulars of works | Cost of e-tender Document (Non refundable) | EMD (refundable) | Time/Due date of submission |
|---|---|---|---|---|
| 33-75/क्रय/T-1/2024-25/217 दिनांक 14-06-2024 (Rfx. No. 8100037503) | e-tender for hiring of 01 No. Light Commercial Vehicle (Pickup) Type -II, 1.7 -2.2 Ton Capacity with one driver for A.E.(TSG) CSPDCL, Katghora for the period 03 Years under E.E. (STM) Division Korba. | Rs. 2000.00 (Inclusive of GST @18%) | Rs. 15800/- | 12.00 pm on 05.07.2024 |

1- Bids will be opened at 12.10 pm and onward on the same day of submission. 2- The details available in web site www.cspc.co.in→ CSPDCL→ O&M may be downloaded and should be submitted 3- CSPDCL reserves the right to reject or cancel any or all the bids without assigning any reason thereof. 4- Corrigendum, if any will be published only on website www.cspc.co.in. → CSPDCL→ O&M and notice board. 5-For e-bidding CSPDCL Helpline no. 0771-2576672 (EITC CSPDCL).

**Executive Engineer (STM) Dn.**
**C.S.P.D.C.L., Korba**

"Save Energy for the benefit of self and Nation"



आजादी का अमृत महोत्सव

**कार्यालय नगर पंचायत कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
Phone No. 07764-250419 Email:id:nagarpanchayatkunkuri@gmail.com

क्रमांक /14/लो.नि./न.पं./2024-25 कुनकुरी, दिनांक 14/06/2024

**-:: मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

नगर पंचायत कुनकुरी क्षेत्रान्तर्गत 15वें वित्त योजना अंतर्गत कार्य कराये जाने हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति में निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग (भ./स.) एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 एवं पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 07.02.2013 से प्रभावशील दर अनुसूची पर कम, अधिक या समान दरों पर निविदा प्रपत्र 'अ' में निविदायें स्पीड पोस्ट/एकीकृत डाक से आमंत्रित किया जाता है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 20.06.2024 समय कार्यालयीन अवधि।
2. कोरा निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 01.07.2024 समय कार्यालयीन अवधि।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 08.07.2024 समय कार्यालयीन अवधि।
4. निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 11.07.2024 समय दोपहर 12.00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 06 प्रीतम घर से गट्टू घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 7.08 | 5500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 2. | वार्ड क्र. 05 पालीराम अग्रवाल घर से गायत्री भवन तक आर.सी.सी. नाली/स्लेब निर्माण कार्य। | 5.82 | 4500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 3. | वार्ड क्र. 04 मुरारी अग्रवाल दुकान से बाजार डांड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 6.67 | 5000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 4. | वार्ड क्र. 03 विसर्जन तालाब से रामपती सोनी घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 12.56 | 9500.00 | 750.00 | 3 माह |
| 5 . | वार्ड क्र.02 आनंद कुजूर घर से रीजिना घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 6.11 | 4600.00 | 750.00 | 2 माह |
| 6. | वार्ड क्र. 01 दीपक घर से कुआं तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 13.57 | 10200.00 | 750.00 | 3 माह |
| 7. | वार्ड क्र. 15 मिथुन घर के ब्राऊण्ड्रीवॉल से महिमा स्कूल तक आर. सी.सी.नाली निर्माण कार्य। | 5.87 | 4500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 8. | वार्ड क्र. 13 दुबे घर से नोनी यादव घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 5.87 | 4500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 9. | वार्ड क्र. 13 बंगाली पान वाला के घर से नोनी यादव घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 5.08 | 3900.00 | 750.00 | 2 माह |
| 10. | मंदिर से सी.सी. रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 8.00 | 6000.00 | 750.00 | 3 माह |
| 11. | वार्ड क्र. 11 रविशंकर घर से मजनू घर तक आर. सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 5.08 | 4000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 12. | वार्ड क्र. 10 जीतनी बाई घर से सुशील घर तक आर.सी.सी. नाली/ स्लेब निर्माण कार्य। | 1.81 | 1400.00 | 750.00 | 1 माह |
| 13 | वार्ड क्र. 10 अफजल घर से समसाद अंसारी घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 4.65 | 3500.00 | 750.00 | 1 माह |
| 14. | वार्ड क्र. 10 बसंत घर से खिरोधर घर तक आर. सी.सी. नाली/स्लेब निर्माण कार्य। | 1.45 | 1100.00 | 750.00 | 1 माह |
| 15. | वार्ड क्र. 08 आम पेड़ से जगदीश घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 9.28 | 7000.00 | 750.00 | 3 माह |
| 16. | वार्ड क्र. 07 नाग सचिव घर से विश्वकर्मा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 4.57 | 3500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 17. | वार्ड क्र. 07 नाग सचिव घर से नागेश्वर यादव घर तक आर. सी.सी. नाली/स्लेब निर्माण कार्य। | 5.21 | 4000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 18. | वार्ड क्र. 09 मस्जिद गेट से अतिशय लॉज तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 5.82 | 4400.00 | 750.00 | 2 माह |
| 19. | वार्ड क्र. 12 संतोष घर से रफीक घर तक आर. सी.सी. नाली/स्लेब निर्माण कार्य। | 4.28 | 3300.00 | 750.00 | 1 माह |
| 20. | वार्ड क्र. 12 पानी टंकी से मुरारी घर बोरिंग तक आर. सी.सी. नाली/स्लेब निर्माण कार्य। | 7.13 | 5400.00 | 750.00 | 2 माह |

**टीप :-** उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज www.cg.uad.gov.in से डाऊनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क डी.डी./ नगद के माध्यम से कार्यालय में जमा किया जा सकेगा तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)**



**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

**No.04-04/W/497** **Raipur, date 07.06.2024**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specification No. | Name of Work | NIT value i/c GST |
|---|---|---|
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/ 2024/01 | Providing and fixing false ceiling in senior club & junior club at residential colony of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir -Champa | 15.46 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2024/02 | Providing shed over sitting gallery of stadium at residential colony of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir -Champa | 10.63 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2024/ 03 | Annual cutting and cleaning of grass, shrubs and other unwanted vegetation from Switch Yard, Transformer Yard and BTG area of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir -Champa | 21.63 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2024/ 04 | Annual sweeping and cle aning of Administrative Building at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir -Champa | 24.73 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2024/05 | Annual cleaning of downstream surface of earthen dam of Raw Water Reservoir at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 5.46 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/06 | Annual cleaning of sewer line, septic tank & manhole etc. by mechanical means of AB, CD, E & FG type colony at HTPS, CSPGCL, Korba West | 16.09 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/07 | Misc. Allied work associated with installation of elevator (Balance work) pertaining to East wing, Central wing & West wing at Administrative Building of 1x500 MW Extn. HTPS, CSPGCL, Korba West | 24.57 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/08 | Replacement of damaged concertina coil over boundary wall and providing and fixing of 900mm dia barbed tap concertina coil over ground along boundary wall of 1x500 MW Extn, Unit HTPS, CSPGCL, Korba West | 23.46 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/09 | Enhancing the pro tective measures and other civil works in the Hydrogen plant at KTPS, CSPGCL, Korba East | 21.35 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/10 | Modification of fixed glazed windows provided at different elevation in "C" row of plant building into siding & openable aluminium glazed at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 21.53 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/W/2024/ 11 | Removal of unwanted vegetation in colony premises at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir -Champa | 7.18 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2024/ 12 | Providing connecting road from Railway site office to CHP main road of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 10.47 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2024/13 | Annual maintenance and planting of seasonal flower in garden at D, E & F type staff quarters and new gardens (Near Hospital building, shopping complexand near both RCC overhead tank) at office of 2x500 MW, ABV TPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 5.29 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2024/14 | Painting work in NDCT Basin wall & columns structures during COH period of unit -II at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 9.13 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/ W/2024/15 | Acid resistant chemical lining in Sulphuric acid dosing skid area (Day Tank) and Sulphuric acid storage tank area situated at CW Chemical Dosing Control Room of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 10.99 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/16 | Annual operation & maintenance i/c watch & ward of 2.0 MLD sewage treatment plant at CDEF type colony, DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 30.58 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/17 | Repairing & maintenance of main road from CSEB hospital to colony gate, internal tar road of Zone E, CD and AB of HTPS colony complex HTPS, CSPGCL, Korba West | 15.28 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal : 50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

**Chief Engineer (Civil),**
**CSPGCL, Raipur**

*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताजपोशी के साथ ही भारतीय राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई है। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल पूरा कर लेते हैं, तो रायसीना हिल्स पर एक नई इबारत लिखी जाएगी। 2029 में लुटियंस की दिल्ली ना सिर्फ सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री का गवाह बनेगी बल्कि सीसीएस के मंत्रियों का भी साक्षी बनेगी, जिन्होंने अनवरत 10 साल तक एक ही मंत्रालय का पद भार संभाला है। विदेश मंत्रालय को छोड़ कर (जवाहरलाल नेहरू के पास 1952-64, 12 साल तक विदेश मंत्रालय था) सीसीएस (सीसीएस) के तीन मंत्री, नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं।*

# मनमोहन, आडवाणी, एंटनी... सबके रिकॉर्ड तोड़ेंगे मोदी के सीसीएस के मंत्री

## गृहमंत्री अमित शाह

सबसे लंबे समय तक गृहमंत्री रहने का रिकॉर्ड गोविंद बल्लभ पंत के नाम ही था, फिर इसमें लाल कृष्ण आडवाणी का नाम शुमार हो गया और वे 1998 से 2004 तक वाजपेयी सरकार में गृहमंत्री के पद पर आसीन रहे। अब ये दोनों रिकॉर्ड गृहमंत्री अमित शाह तोड़ सकते हैं, उन्हें मोदी 3.0 लगातार दूसरी बार गृहमंत्री बनाया गया है। अगर अमित शाह अपना कार्यकाल पूरा कर लते हैं, तो वे देश के सबसे लंबे समय तक रहने वाले गृहमंत्री बन जाएंगे।

*अनवरत 10 साल तक एक ही मंत्रालय का पद भार संभालने का बनाएंगे कीर्तिमान*

*विदेश मंत्रालय को छोड़ कर नई उपलब्धि हासिल कर सकते हैं तीन मिनिस्टर*







## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

2014 में जब पहली बार केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी थी तो उसमें राजनाथ सिंह को गृहमंत्री बनाया गया था, लेकिन 2019 में उनका मंत्रालय बदल कर उन्हें रक्षा मंत्री बना दिया गया। साल 2024 की नव गठित सरकार में भी राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय का ही पद भार दिया गया है। भारतीय राजनीति के 70 साल से अधिक की यात्रा में राजनाथ सिंह दूसरे ऐसे नेता हैं, जिन्होंने अनवरत दूसरी बार रक्षा मंत्री का पद भार संभाला है। उनके पहले एके एंटनी 2006 से 2014 तक निरंतर 8 साल इस पद पर रहे थे। ऐसे में बतौर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगर 2029 तक पद पर रह जाते हैं तो वे 10 साल तक इस पद पर रहने वाले इकलौते रक्षामंत्री बन जाएंगे।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

मोदी सरकार में (2017) में निर्मला सीतारमण को रक्षा मंत्री बनाया गया था। इसके बाद साल 2019 में उन्हें वित्त मंत्री बनाया गया। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में उन्हें वित्त मंत्रालय ही दिया गया है। वे लगातार दो बार वित्त मंत्री बनने वाली पहली नेता बन गई हैं। देश के पहले वित्तमंत्री सी.डी. देशमुख ने साल 1956 में वित्तमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि वे इस पद पर 1950 से ही थे, लेकिन निर्वाचित सरकार में देशमुख चार साल ही मंत्री रहे थे। इसके चार दशक बाद देश को मनमोहन सिंह (1991-96) के रूप में एक ऐसा वित्त मंत्री मिला जिसने अपना कार्यकाल पूरा किया था। इसके बाद अरुण जेटली (2014-19) दूसरे ऐसे नेता बने जिन्होंने वित्तमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा किया। 2019 से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी निर्मला सीतारमण के पास है, वे अगर अपना दूसरा कार्यकाल पूरा कर लेती हैं तो ये एक अभूतपूर्व उपलब्धि होगी।

## खबर संक्षेप

### 'फर्जी' वीडियो : रवीना ने भेजा मानहानि का नोटिस



**मुंबई।** अभिनेत्री रवीना टंडन ने सड़क पर क्रोध करने की एक कथित घटना के सिलसिले में सोशल मीडिया पर डाले गये एक वीडियो को नहीं हटाने पर एक व्यक्ति को मानहानि का एक नोटिस भेजा है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो गया है। उसमें यह व्यक्ति यह दावा करता हुआ दिख रहा है कि टंडन की कार ने उसकी मां को टक्कर मारी और टोकने पर अभिनेत्री ने उन पर (उसकी मां के) हमला किया। इस व्यक्ति ने यह भी दावा किया कि यह घटना तब घटी, जब यहां उसकी मां, बहन और भतीजी अभिनेत्री के घर के समीप थीं। मुंबई पुलिस की जांच में सामने आया कि अभिनेत्री की कार से किसी को टक्कर नहीं लगी। मानहानि के नोटिस में कहा गया है कि अभिनेत्री ने संबंधित व्यक्ति को 'सच्चाई और सही तथ्यों' के बारे में बता दिया है जो पुलिस जांच में सामने आया है। यह नोटिस वकील सना खान के मार्फत भेजा गया है। मानहानि के नोटिस के मुताबिक संबंधित व्यक्ति ने अभिनेत्री से कहा था कि वह उसे अपने 'एक्स' एकाउंट से इस वीडियो हटाने का एक अनुरोध पत्र भेजें । यह अनुरोध पत्र ई-मेल के मार्फत पांच जून को भेजा गया था।

### अन्ना महाराष्ट्र सहित देशभर के घोटालें उजागर करें : राउत



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले अन्ना हजारे को चुनावी बॉण्ड से जुड़े कथित घोटाले सहित देशभर के घोटालों को उजागर करना चाहिए। राउत उन खबरों का हवाला दे रहे थे, जिनमें कहा गया है कि हजारे महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक से संबंधित कथित घोटाले की 'क्लोजर रिपोर्ट' को चुनौती देंगे। मामले के आरोपियों में उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी शामिल हैं। 'क्लोजर रिपोर्ट', के जरिये पुलिस या जांच एजेंसी मामला बंद करने का अदालत से अनुरोध करती है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि हजारे को महाराष्ट्र और देश में हुए घोटालों के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन करना चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ हजारे का आंदोलन, 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार और आम आदमी पार्टी (आप) के उभरने के कारणों में एक था।

### दिल्ली के पूर्व मंत्री विस सदस्यता से अयोग्य घोषित



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद को दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आनंद अप्रैल में आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल हो गए थे। गोयल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''उन्हें नोटिस का जवाब देने के लिए 10 जून की तारीख दी गई थी, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसी नोटिस में उन्हें 11 जून को उपस्थित होने को कहा गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। उन्हें 14 जून को उपस्थित होने का एक और मौका दिया गया था, लेकिन वे नहीं आए।

## इटली में मैक्रों, सुनक, जेलेंस्की जैसे वर्ल्ड लीडर्स से मिले पीएम मोदी

# 'रणनीतिक साझेदारी से लेकर मेक इन इंडिया को बढ़ाने पर चर्चा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इटली में जी 7 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाकात की और वर्ल्ड लीडर्स के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि स्थिर और समृद्ध वैश्विक व्यवस्था के लिए भारत और फ्रांस के बीच मजबूत और भरोसेमंद रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण है। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने 'मेक इन इंडिया' पर ज्यादा ध्यान देने के साथ ही रणनीतिक रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति जताई।



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की



फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों



ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक

### जेलेंस्की से मुलाकात

पीएमओ ने बताया कि पीएम मोदी की यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बहुत ही सार्थक बैठक हुई। इस दौरान भारत-यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर बात हुई। इस दौरान भारत ने यूक्रेन से कहा कि भारत ह्यूमन-सेंट्रिक दृष्टिकोण में विश्वास रखता है और मानता है कि शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति के माध्यम से निकल सकता है।



इटली की पीएम मेलोनी

### भारत-ब्रिटेन सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा

पीएम मोदी और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने इटली में जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक की. इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी, रक्षा क्षेत्र में औद्योगिक सहयोग बढ़ाने, व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की।

### जी-7 समूह को संबोधित करने वाले पहले पोप



पोप फ्रांसिस के साथ मोदी

*बारी (इटली)। पोप फ्रांसिस शुक्रवार को सात देशों के समूह 'जी7' को संबोधित करने वाले पहले पोप बन गये। उन्होंने विश्व के अग्रणी औद्योगिक देशों के नेताओं के समक्ष कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संभावनाओं और खतरों पर प्रकाश डाला। फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली में आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन में जी7 और अन्य आमंत्रित देशों को संबोधित किया। पोप ने जी7 के प्रत्येक सदस्य और अतिथियों का स्वागत किया। कुछ देश और वैश्विक निकाय ओपनएआई के चैटजीपीटी द्वारा शुरू किए गए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का इस्तेमाल बढ़ने पर एआई पर मजबूत सुरक्षा उपायों के लिए जोर दे रहे हैं।*

## दिल्ली की कोर्ट ने जांच एजेंसी को लगाई फटकार

# 'केजरीवाल की मांग का विरोध नहीं कर सकती ईडी'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में विवादित आबकारी नीति और कथित शराब घोटाले के आरोप में ईडी द्वारा किंग पिन घोषित किए गए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। सीएम की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि ईडी तिहाड़ जेल में सीएम केजरीवाल के मेडिकल चेकअप से संबंधित अनुरोधों पर आपत्ति नहीं कर सकती है। केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस मुकेश कुमार ने केंद्रीय जांच एजेंसी से कहा है कि आरोपी केजरीवाल न्यायिक हिरासत में हैं, ईडी की हिरासत में नहीं। अगर वह कोई राहत चाहते हैं, तो इसमें आपकी कोई भूमिका नहीं है।"बता दें, इस मामले पर 19 जून को सुनवाई होगी।



### केजरीवाल ने की थी मांग

केजरीवाल की इस याचिका पर जस्टिस कुमार ने तिहाड़ जेल के जेल अधीक्षक को केजरीवाल के आवेदन पर जवाब देने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि मेडिकल चेकअप के दौरान उनकी पत्नी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ी हों। इस केस में सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से पेश स्पेशल वकील जोहेब हुसैन ने अदालत से अनुरोध किया कि वह केजरीवाल की पत्नी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के बारे में जेल अधिकारियों से रिपोर्ट मांगे। इसको लेकर अदालत ने कहा है कि हम जेल से जवाब मांगेंगे लेकिन इसमें आपकी कोई भूमिका नहीं है।

### कब होगी जमानत याचिका पर सुनवाई

गौरतलब है कि केजरील ने अपनी जमानत को लेकर भी याचिका दायर कर रखी है, जिसको लेकर 19 जून को सुनवाई होनी है, लेकिन इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि केजरीवाल ने चुनाव के दौरान जमकर प्रचार किया था, तब उन्हें किसी भी तरह का गंभीर रोग नहीं था। बता दें कि अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर की गई अंतरिम जमानत याचिका में शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव और कीटोन के बढ़े हुए स्तर का हवाला देते हुए बीमारी को गंभीर बताया था।

## कैबिनेट में भी रहेगा भगवा पार्टी का दबदबा

# जदयू राजी, अब लोकसभा स्पीकर भी बनाएगी भाजपा



भाजपा खड़ा कर सकती है अपना उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट में इस बार भी भारतीय जनता पार्टी का ही दबदबा रहने वाला है। जी हां, जनता दल (यूनाइटेड) ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार का सपोर्ट करने की बात कही है। मालूम हो कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का जदयू हिस्सा है। जदयू के नेता केसी त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) एनडीए का हिस्सा हैं और लोकसभा स्पीकर पद के लिए बीजेपी की ओर से नामित कैंडिडेट का समर्थन करेंगे। त्यागी ने कहा, 'जेडीयू और टीडीपी मजबूती से एनडीए से जुड़े हैं। हम स्पीकर के लिए भाजपा के नामित व्यक्ति का समर्थन करेंगे।'

### टिप्पणी के मायने

त्यागी से कुछ विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों के बारे में सवाल पूछा गया। उनसे कहा गया कि क्या नया लोकसभा अध्यक्ष टीडीपी या जेडीयू से हो सकता है? इसके जवाब में उन्होंने भाजपा की ओर से नामित उम्मीदवार को समर्थन देने की बात कही। मालूम हो कि भाजपा केंद्र में अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही है। जेडीयू लीडर त्यागी की टिप्पणी इस टिप्पणी को बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा कर सकती है। अध्यक्ष पद का उम्मीदवार पार्टी के सहयोगियों में से नहीं होने वाला है।

### 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष पद का चुनाव

*लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। लोकसभा की ओर से इसे लेकर बुलेटिन जारी किया गया। इसमें कहा गया कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है। मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।*

# सेना को मिला पहला आत्मघाती ड्रोन, 30 किमी रेंज, सटीक निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना लगातार अपनी ताकत को बढ़ा रही है। इसी कड़ी में सेना को आज पहला स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन मिल गया है। इसे 'नागास्त्र-1' नाम दिया गया है। ये लॉयटरिंग म्यूनिशन यानी आत्मघाती ड्रोन है। इसे नागपुर की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव लिमिटेड कंपनी और जेड मोशन ऑटोनॉमस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ने बनाया है। फिलहाल पहले चरण में सेना को 120 ड्रोन सौंपे गए हैं। कुल 480 ड्रोन बेड़े में शामिल किए जाने हैं। आत्मघाती ड्रोन वायु रक्षा प्रणाली का हिस्सा होते हैं। ये ड्रोन हवा में लक्ष्य के आसपास घूमते हैं और हमला करते हैं। इनके अंदर विस्फोटक भरकर लक्ष्य से टकराया जाता है। इस ड्रोन की वीडियो रेंज 15 किलोमीटर है। ये पूरी उड़ान के दौरान वीडियो रिकॉर्ड करता है। अगर लक्ष्य न मिले तो इसे वापस बुलाया जा सकता है।

## 2 किलोग्राम तक का वजन लेकर लगातार उड़ सकता है एक घंटे तक



### क्या है खासियत?

नागस्त्र-1 ड्रोन की रेंज 30 किलोमीटर तक है। इसका आधुनिक वर्जन 2 किलो से ज्यादा गोला-बारूद ले जाने में सक्षम है। ये बेहद कम आवाज करते हुए 1,200 मीटर की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। ये अपने साथ 2 किलोग्राम तक का वजन लेकर लगातार एक घंटे तक उड़ सकता है। 9 किलोग्राम वजनी ये ड्रोन 2 मीटर की सटीकता के साथ बेहद नजदीक से हमला करने में सक्षम है।

### टारगेट न मिलने पर वापस आ जाता है

सटीक हमला इसके सेंसर पर निर्भर करता है। आत्मघाती ड्रोन को साइलेंट मोड में और 1,200 मीटर की ऊंचाई पर ऑपरेट किया जाता है, जिससे इसे पहचानना मुश्किल हो जाता है। इसका वजन 12 किलोग्राम है और यह 2 किलो का वारहेड ले जा सकता है। ये ड्रोन एक उड़ान में 60 मिनट तक हवा में रह सकते हैं। अगर टारगेट न मिले तो यह वापस भी आ जाएगा।

### 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से बना

ड्रोन में इस्तेमाल की गई 75 प्रतिशत सामग्री स्वदेशी तौर पर विकसित की गई है। इसका डिजाइन पूरी तरह से देश में ही बनाया गया है। यह इजरायल और पोलैंड से आयात किए गए हवाई हथियारों से करीब 40 फीसदी सस्ता है। इसकी मदद से सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ रोकी जा सकती है और ठिकानों को बर्बाद किया जा सकता है। कई तरह के परीक्षण के बाद इन्हें सेना को सौंपा गया है।

## सिरोही के शिल्पकारों ने पंच धातु से बनाया है इसे

# 3200 किलो का गदा, 3000 किलो का धनुष चल पड़ा अयोध्या धाम

एजेंसी ▶▶| सिरोही

अयोध्या के राम मंदिर में सजावट का सिलसिला जारी है। अब यहां 3200 किलो की गदा और 3 हजार किलो का धनुष भगवान राम को अर्पित किया जाएगा। ये दोनों चीजें सिरोही के शिल्पकारों ने पंच धातु से बनायी हैं। इन्हें यहां से बाजे गाजे के साथ रवाना कर दिया गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला मंदिर में चढ़ाने के लिए विशाल गदा और धनुष तैयार किया गया है। 26 फीट का गदा 32 किलो का और 31 फीट का धनुष 3000 किलो का है। इन्हें पंचधातु से बनाया गया है। शिवगंज से धार्मिक यात्रा के रूप में गदा और धनुष को रवाना किया गया।

भगवान राम को होगा अर्पित



### रामरथ अयोध्या के लिए रवाना

*इससे पूर्व विधि-विधान से धनुष और गदा की पूजा-अर्चना की गई। शिवगंज के महाराजा मैदान में सनातन सेवा संस्थान शिवगंज की ओर से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुख्य अतिथि में भव्य समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों ने भगवा झंडा दिखाकर रामरथ को अयोध्या के लिए रवाना किया। चंपत राय ने कहा 500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर बन गया है। मन्दिर के बाहर राम भक्तों शबरी, केवट, अहिल्या समेत 16 अन्य मंदिर बनवाए जाएंगे। उन्होंने सिरोही की भूमि को नमन करते हुए राम मंदिर अयोध्या में उपयोग हो रहे पिंडवाड़ा क्षेत्र के पत्थरों की तारीफ भी की।*

### 18 कारीगरों ने बनाया गदा-धनुष

समारोह में पहले हनुमान गदा रवाना किया गया। राम धनुष की फिनिशिंग का अंकुश कार्य बाकी होने से उसे दोपहर बाद रवाना किया गया। संस्थान की ओर से तैयार करवाये गए इस हनुमान गदा और रामधनुष का काम कैलाशकुमार सुथार और हितेश सोनी की देखरेख में पूरा किया गया है। यह काम 18 कारिगरों की टीम ने पूरा किया।

### इन शहरों से गुजरेगी यात्रा

ये राम रथयात्रा सोजत में पहला पड़ाव रखने के बाद बर, जयपुर, आगरा और लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। राम रथ यात्रा 16 जून को अयोध्या पहुंचेगी। 17 जून को राम मंदिर परिसर में प्रभुराम के चरणों में विधिवत पूजा अर्चना और मंत्रोच्चारण के बीच राम धनुष और हनुमान गदा अर्पण किया जाएगा।

# आमिर के बेटे की पहली फिल्म 'महाराज' के प्रदर्शन पर रोक




एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात उच्च न्यायालय ने अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद की पहली फिल्म 'महाराज' की रिलीज पर रोक लगा दी है। वैष्णव पंथ के पुष्टिमार्ग के अनुयायियों ने दावा किया है कि फिल्म से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होंगी। न्यायमूर्ति संगीता विशेन ने फिल्म के रोक लगाने का आदेश जारी किया। इसे शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित किया जाना था। पीठ ने केंद्र सरकार, नेटफ्लिक्स और फिल्म के निर्माता यशराज फिल्म्स को भी नोटिस जारी किए और मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 जून की तारीख तय की। माना जा रहा है कि फिल्म 1862 के प्रसिद्ध महाराज लिबेल मामले पर आधारित है।

SECL
South Eastern Coalfields Ltd.

"हमारे सपने भी बड़े हैं, सफ़र भी जारी है
लेकिन ना मुश्किलों की फ़िक्र करेंगे
और ना ही जीत का ज़िक्र करेंगे
क्यों? क्योंकि, सपने बड़े हैं और सफ़र जारी है."


डॉ प्रेम सागर मिश्रा
सीएमडी, एसईसीएल

# एसईसीएल : राष्ट्र का ऊर्जा पुंज

वर्ष 2022-23 में **24.5 मिलियन टन** की वृद्धि के ऊपर
वर्ष 2023-24 में पुन: **20 मिलियन टन** से अधिक की वृद्धि

कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 23-24
**187.38 मिलियन टन**



## कोयला उत्पादन की नींव हुई मजबूत

ओबीआर वित्त वर्ष 23-24
**322 Mcum**
लक्ष्य 310 MCuM
57 MCuM (22 की बढ़ोत्तरी)




## कोयला डिस्पैच में पुराने सभी आंकड़े हुए पीछे

कोल डिस्पैच वित्त वर्ष 23-24
**180.6 मिलियन टन**
20.57 मिलियन टन (12.86% की बढ़ोत्तरी)



## एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान बनेगी गेवरा

वित्त वर्ष 23-24 में गेवरा खदान को मिली 70 मिलियन टन उत्पादन विस्तार की पर्यावरण स्वीकृति। इसके साथ ही गेवरा का एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।



## एसईसीएल जमुना ओसीपी खदान में किया गया प्रतिपूरक वनरोपण बना उदाहरण

एसईसीएल की जमुना कोतमा ओपनकास्ट परियोजना प्रतिपूरक वनरोपण (Accredited Compensatory Afforestation) का एक सुंदर उदाहरण बनकर उभरी है जहां माइन क्लोज़र प्लान के तहत किए गए वनरोपण की मदद से लगभग 672 हेक्टेयर का क्षेत्र हरित आवरण युक्त अपने पुराने स्वरूप में लौट आया है।



## भू-स्वामियों के हितों को दी हमने प्राथमिकता

वित्त वर्ष 23-24 में एसईसीएल द्वारा अपने इतिहास के सर्वाधिक **707** भू-स्वामियों को रोजगार स्वीकृति प्रदान की गई।





## सामाजिक सरोकार हमारी प्रगति का आधार

एसईसीएल सीएसआर ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपना सीएसआर लक्ष्य हासिल किया। डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर **60%** खर्च के लक्ष्य के मुकाबले एसईसीएल द्वारा सीएसआर व्यय का **70%** इस क्षेत्र में खर्च किया गया।



## "एसईसीएल के सुश्रुत" योजना देगी कोयलांचल के बच्चों के डॉक्टर बनने के सपने को पंख



वित्त वर्ष 23-24 में एसईसीएल द्वारा सीएसआर अंतर्गत "एसईसीएल के सुश्रुत" योजना की शुरुआत की गई जिसके तहत छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में स्थित कंपनी के संचालन क्षेत्रों के **40** बच्चों का चयन कर उनको निशुल्क आवासीय नीट-मेडिकल कोचिंग दी जा रही है।



MEDICALS

## एसईसीएल के अस्पतालों में अमृत फार्मेसी खुलने से किफ़ायती दरों पर दवाएं होंगी उपलब्ध

वित्त वर्ष 23-24 में एसईसीएल द्वारा अपने संचालन क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों में अमृत फार्मेसी खोलने के लिए HLL Lifecare Limited के साथ समझौता किया गया।

अमृत फार्मेसी के खुलने एसईसीएल कर्मियों के साथ-साथ आमजनों को भी किफ़ायती दरों पर सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर एवं हृदय आदि से संबन्धित गंभीर रोगों की दवा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।



## सीएसआर से स्थानीय लोगों का विश्वास जीत रहा एसईसीएल

वित्त वर्ष 23-24 में एसईसीएल ने सीएसआर कार्यक्रम शुरू किए जिससे स्थानीय समुदायों को लाभ हुआ और स्थानीय सामुदायों से कंपनी के संबंध और बेहतर हुए।

एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र में, परियोजना प्रभावित गांवों में महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण के साथ-साथ 50 सेट सिलाई मशीनें और सिलाई किट प्रदान की गईं।



## सुरक्षा से समृद्धि हमारा मूलमंत्र


एसईसीएल की **63** खदानों को वित्त वर्ष 23-24 में स्टार रेटिंग से नवाजा गया। स्टार रेटिंग में उम्दा प्रदर्शन के लिए एसईसीएल चरचा भूमिगत खदान, बंगवार भूमिगत खदान एवं खैरहा भूमिगत खदान को कोयला मंत्रालय ने किया पुरस्कृत।



## एसईसीएल रेल कॉरिडोर से खुलीं विकास की राहें

बीते वित्त वर्ष 23-24 में लगभग **3,055 करोड़** रुपए की लागत से बनी एसईसीएल के छत्तीसगढ़ ईस्ट रेल कॉरिडोर फेस-1 को राष्ट्र को समर्पित किया गया जिससे एसईसीएल के मांड-रायगढ़ कोलफील्ड्स से देश भर के थर्मल पावर प्लांट्स को कोयला भेजना सुनिश्चित हो सका।

वित्त वर्ष 23-24 में सीईआरएल फेज-1 में **1,000** से अधिक रेल रैक लोड किए गए जिससे **46 करोड़** से अधिक का राजस्व अर्जित हुआ।



GeM
Government
e Marketplace
Efficient • Transparent • Inclusive

## जेम (GeM) पोर्टल से रिकॉर्ड खरीद

एसईसीएल द्वारा वित्त वर्ष 23-24 में जेम (GeM) पोर्टल से लगभग **52,000 करोड़** से अधिक की खरीद की गई। कोयला मंत्रालय अंतर्गत कंपनियों द्वारा की गई कुल खरीद में एसईसीएल की लगभग की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही।



## विकसित भारत के सपने को... मजबूती देता एसईसीएल

एसईसीएल द्वारा वित्त वर्ष 23-24 में अपने संचालन राज्यों छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश को **14,400** करोड़ का राजस्व प्रदान किया गया जिससे राज्यों में विकास योजनाओं को मिली नयी ऊर्जा।

## हरित हुआ कोयलांचल

वित्त वर्ष 23-24 में एसईसीएल द्वारा अब तक के सर्वाधिक 10 लाख से अधिक पौधे लगाए गए साथ ही 430 हेक्टेयर के निर्धारित लक्ष्य को पीछे छोड़ते हुए 475 हेक्टेयर भूमि को ग्रीन कवर अंतर्गत लाया गया।



## सोलर परियोजनाओं की शुरुआत से ग्रीन एनर्जी को मिला बढ़ावा

वित्त वर्ष 23-24 में एसईसीएल के भटगांव क्षेत्र में **20 मेगावाट** की ग्राउंड माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड सोलर परियोजना से उत्पादन की शुरुआत हुई। वहीं एसईसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में **4,000 किलोवाट** की रूफ-टॉप सोलर परियोजनाओं के लिए वर्क अवार्ड हुआ।

इसके साथ ही इस वित्त वर्ष में कंपनी के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में लगभग **15 इलेक्ट्रिक वाहनों** को प्रयोग में लाने की शुरुआत हुई।



## मिशन मोड की कार्यसंस्कृति

**सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के नेतृत्व में कंपनी में मिशन मोड में कार्य-संचालन की शुरुआत की गई है जिसका व्यापक लाभ हो रहा है।**

MISSION NACHIKETA

एसईसीएल के कर्मियों के बीच सीखने और कौशल विकास की संस्कृति विकसित करने के लिए 2022 में मिशन नचिकेता शुरू किया गया था। मिशन का उद्देश्य विभिन्न कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कर्मचारियों को प्रशिक्षित और कुशल बनाना है।

MISSION SUDESHH

इस मिशन का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के बारे में कर्मचारियों के बीच जागरुकता पैदा करना और उन्हें सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित सर्वोत्तम प्रथाओं (Best Practices) को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

Mission MITAWA

मिशन मितवा (MITAWA - Motivated and Inspired Team and Work Agency) को एसईसीएल की खदानों में शून्य क्षति (Zero Harm) के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से डीजीएमएस (खान सुरक्षा महानिदेशालय), एसईसीएल प्रबंधन, और श्रम संघ के प्रतिनिधियों में आपसी सहयोग एवं समन्वय स्थापित करना है।

Mission FITE (Integrity, Transparency, Equality, Fairness)

मिशन फाइट (FITE - Fairness, Integrity, Transparency, एवं Equality) का अर्थ निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और समानता के मूल्यों को बढ़ावा देना है।

Mission JATAYU
(Joining All Together Against Your Unwholesome)

मिशन जटायु (JATAYU - Joining All Together Against Your Unwholesome) कर्मचारियों को किसी भी गलत अनैतिक कार्य के खिलाफ आवाज़ उठाने एवं कार्यस्थल को भ्रष्टाचार-मुक्त बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है।

# साउथ ईस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

southeasterncoalfields | seclbilaspur | secl_cil | SECL Media | secl | secl-cil.in

# सालसा ने बलौदाबाजार की हिंसा आगजनी की घटना का लिया संज्ञान



**बिलासपुर।** बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसा और आगजनी की घटना को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने संज्ञान में लिया है।

सालसा ने पीड़ितों को क्षतिपूर्ति व राहत प्रदान किए जाने के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालौदाबाजार को निर्देश जारी किया। निर्देश में कहा गया है कि उक्त भीड़ जनित हिंसा व आगजनी की घटना में जिनकी संपत्ति का नुकसान हुआ है और जिन्हें चोट आई है, उन्हें क्षतिपूर्ति व अंतरिम क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए। उक्त आगजनी में जो कीमती दस्तावेज नष्ट हो गए हैं, उसे पुनः निर्मित किए जाने प्रभावित क्षेत्र में विधिक सहायता क्लीनिक संचालित की जाए। इसके साथ ही आगजनी की घटना में जो सैकड़ों वाहन जलकर खाक हो गए हैं, उन वाहन मालिकों-पीड़ितों के दावों के निपटान के लिए बीमा कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र उनके दावों का भुगतान सुनिश्चित करें। साथ ही समुचित मामलों में बीमा लोकपाल की भी सहायता लें। **घायलों का इलाज सुनिश्चित किया जाए-** सालसा ने ये भी निर्देश दिया कि उक्त भीड़ जनित हिंसा के कारण मनोवैज्ञानिक सदमे व अवसाद के शिकार व्यक्तियों के लिए तत्काल मनोचिकित्सक की सहायता से काउंसिलिंग की व्यवस्था कराई जाए। यह भी निर्देश दिया गया है कि उक्त घटना में जो व्यक्ति घायल हुए हैं उनका निःशुल्क इलाज किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उनके इलाज में जो वास्तविक व्यय हुआ है उसका भुगतान विधि अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाए। सालसा ने कहा है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार सभी सरकारी व गैर सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तत्काल विधिक सहायता उपलब्ध कराए और उनका पर्यवेक्षण करें।

## लखमा बोले- बृजमोहन अब बिल्ली बनकर रह गए

रायपुर। पूर्व मंत्री और कोंटा विधायक कवासी लखमा ने कहा कि बृजमोहन खुद को छत्तीसगढ़ का डॉन समझते थे, लेकिन अब बिल्ली बनकर रह गए हैं। बलौदाबाजार जाने के लिए राजीव भवन पहुंचे श्री लखमा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल को लेकर कहा, विष्णुदेव सरकार उनको कहीं का नहीं छोड़ने वाली है, वो ना विधायक बन पाएंगे और ना ही सांसद।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425



शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

Education INSTITUTIONS
कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल
भिलाई/रायपुर

विवेक कुमार वर्मा
568/720
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल
रायपुर कोटा सेंटर
राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर
9301547784
भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग नं. 150
न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927

## आवश्यकता है

आवश्यकता है-छोटे बच्चे की देखभाल हेतु अनुभवी महिला, घरेलू काम बर्तन, झाड़ु, पोछा, कपड़ा हेतु कर्मचारी एवं चौकीदार चाहिए (फैमिली वाले को प्राथमिकता) सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 7583808008, 9893582580 (34488)

आवश्यकता है-आफिस में टेलीकालिंग हेतु 18 से 35 वर्ष के लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- कोन्हेर गार्डन के पास चाटापारा बिलासपुर 7999167415 (34489)

आवश्यकता है-घरेलु सभी काम करने हेतु एक काम वाली बाई की आवश्यकता है (समय सुबह 8 बजे से शाम 6 तक) सम्पर्क करें- 9685901101 (34490)

आवश्यकता है-फर्नीचर शॉप में लड़के की आवश्यकता है सेल्स एग्जीक्यूटिव, मार्केटिंग, हेल्पर वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मारुति मैट्रेस एण्ड फोम नर्मदा नगर चौक बिलासपुर 8839477103 (34483)

**आवश्यकता है- जमनीपाली कोरबा (छ.ग.) में गनमैन एवं सुरक्षा प्रहरी पद पर कार्य करने हेतु भूतपूर्व सैनिको की आवश्यकता है वेतन एवं अन्य सुविधाये डीजीआर नियम अनुसार सम्पर्क करें- मेसर्स अरविन्द कुमार सिंह सिक्यूरिटी एजेंसी 7489266404, 7389915500 (20962)**

आवश्यकता है-बिजली दुकान में काम करने एवं सीखने वाले लडकों एवं इलेक्ट्रीशियन की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें सूरज इलेक्ट्रिकल्स, सी-22 नेताजी काम्प्लेक्स, जरहाभाटा बिलासपुर 9301586381, 9827181236 (34473)

आवश्यकता है-कंस्ट्रक्शन कम्पनी में कार्य करने हेतु चौकीदार, साईट इजीनियर, साईट सुपरवाइजर, कार ड्राइवर अनुभवी की तत्काल आवश्यकता है आवास+ बिजली+ पानी फ्री सम्पर्क करें- 9300671120 (34487)

आवश्यकता है-अंग्रेजी माध्यम विज्ञान गणित व हिन्दी माध्यम विज्ञान गणित संस्कृत अंग्रेजी रसायन भौतिकी टीचर चाहिए। बिजली आफिस के पास द गार्जियन & गाईड पब्लिक स्कूल सकरी बिलासपुर समय 8am-4pm 6263923985 (34484)

आवश्यकता है-सनराइज पब्लिक स्कूल त्रिवेणी नगर जबड़ापारा सरकण्डा बिलासपुर में KG1 को पढ़ाने हेतु मदर टीचर एवं एक कम्प्यूटर शिक्षिका चाहिए सम्पर्क करें सुबह 8 से दोपहर 12बजे तक 9691700427 (34482)

आवश्यकता है-(1) पिकअप ड्राइवर-2 (2) ऑफिस में काम करने हेतु 4 लेबर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रतीक ऑटोमोबाईल्स, सिरगिटी रोड बबल आइलैंड के सामने livguard battery बिलासपुर 8827773222 (34486)

आवश्यकता है-बिलासपुर जांजगीर, रायगढ़ में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर, गनमैन चाहिए PF, ESI, मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धीविनायक सिक्यूरिटी सर्विस,राजेन्द्र नगर बिलासपुर 9300803366, 9109930584, 9098318675 (34271)

आवश्यकता है-ऑफिस सहायक हेतु युवको की वेतन 10000+कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति लगभग वेतन 30000 अनुभव की आवश्यक नहीं 10वी पास/ फेल संपर्क-6265100904 (2822)

आवश्यकता है-रेडीमेड मेन्स वियर दुकान में काम करने के लिए हेल्पर की आवश्यकता है। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- शगुन मेन्स वियर सिम्स के सामने मेन रोड बिलामपुर (34485)

आवश्यकता है-बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए न्यूनतम अनुभव 5वर्ष वेतन 11000+ 100/- भत्ता+ 100/- नाईट सम्पर्क करें सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स, बिलासपुर 9755440437 (34491)

आवश्यकता है-ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई बिलासपुर में ड्राइवर, हेल्पर, आया, प्यून, स्वीपर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9109186983, 9109186984 (34480)

आवश्यकता है-(1) ओटी असिस्टेंट (2) जनसंपर्क अधिकारी (PRO) की आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- संकल्प नेत्र चिकित्सालय बिलासपुर 9425227054, 8640058875 (34462)

आवश्यकता है-कटनी, ग्वालियर में रहकर ऑफिस में कार्य करने हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 6264375417, 8965876358 (34415)

आवश्यकता है-थोक मनिहारी दुकान में कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। ग्रामीण एवं अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- माँ वैष्णो सुहाग भंडार मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9981846972 (34460)

आवश्यकता है-होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- के.एस.एजेन्सीज मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (34471)

आवश्यकता है-महिला वकील (जो स्वस्थ है) की देखभाल हेतु 25 से 35-40 वर्ष की महिला चाहिए समय शाम 5बजे से सुबह 7बजे तक वेतन- 5000 आधार सहित सम्पर्क करें- 7869759897, 798707494 (34464)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु फीमेल एकाउंटेंट कम टैली ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 8000 से 10000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 9575488884 (34468)

Vacancy-Teacher vacancy Grab the opportunity Computer Operator-PRT All subject (Graduate) Interview Date- 14 & 15/06/2024 Address Lane-16, House-394, Ocean Public school, Geetanjali City phase- 2, Bahtarai Bilaspur 6264161800, 7389949018 (34443)

आवश्यकता है-शीघ्र आवश्यकता है जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष, 10/12, ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस सहित 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 8006698797, 9630201208 (34477)

आवश्यकता है-शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10-12वी, स्नातक, अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 रहना, खाना, ट्रैवल, ट्रेनिंग फ्री। ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 सम्पर्क करें- 8871422576, 9981576163 (34478)

आवश्यकता है-ऑफिस ब्वाय- 3पद, समान पैकेजिंग लोडिंग, अनलोडिंग, सफाई कार्य हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है वेतन 8000 से 10000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 9575488884 (34469)

आवश्यकता है-अनुभवी लड़के/ लड़की की आवश्यकता है कम्प्यूटर आपरेटर एवं मार्केटिंग हेतु। वेतन 7000 से 15000 तक अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- A1 Build Mart तिफरा बिलासपुर 6232055989, 9827151030 (34461)

आवश्यकता है-मार्केटिंग कार्य के लिए शिक्षित युवक एवं दुकान कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- विकास प्लाइवुड रघुराज स्टेडियम के पीछे इमलीपारा रोड बिलासपुर 8770774040 (34466)

आवश्यकता है-मेट्रीमोनी में टेलीकालिंग हेतु 18 से 35 वर्ष की लड़कियां, महिलाएं चाहिए सैलरी 5000 कमीशन बोनस गिफ्ट योग्यता अनुसार 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करे- गीतांजली विहार बिलासपुर 7354056603, 8103768919 (34479)

आवश्यकता है-थोक मेडिकल एजेंसी में अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर, माल निकालने लोकल आर्डर बुकिंग, माल डिलवरी हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क शारदा मेडिकन एजेन्सी मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (34475)

आवश्यकता है-औद्योगिक संस्थान को बिलासपुर, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, मुंगेली पेन्ड्रा, गौरेला बलोदाबाजार हेतु फील्ड आफिसर- 20 (फील्ड वर्क) चाहिए वेतन 10000 से 25000 सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक बिलासपुर 9039981553, 7805876418 (34476)

आवश्यकता है-मार्केटिंग मैनेजर 5 पद वेतन 15000 से 18000 फिक्स (मेल, फिमेल) फिल्ड वर्क के लिए आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करे पीआरके अग्रसेन चौक बिलासपुर 7805884040, 6263077177 (34467)

आवश्यकता है-अतुल ऑटो को मैकेनिक- 5, हेल्पर- 5, ड्राइवर- 2 पदों पर आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7805078974, 7697585971, 7000828211 (34452)

आवश्यकता है- मेट्रिमोनी में टैलीकॉलिंग एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु महिला/ युवती की आवश्यकता है वेतन 5500 अनुभवी तथा कम योग्यता वाले भी सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9617467221 (34445)

आवश्यकता है-फिल्ड वर्क के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य करने हेतु लड़की/ महिला की आवश्यकता है वेतन 7000 से 12000 महिना सम्पर्क करें- 9244664654, 07752446646 (34440)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड, गनमैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कार्य हेतु बाई चाहिए वेतन 8000 से 25000 आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291, 8085233213, 8815151982, 9098996534 (34453)

आवश्यकता है-पोल्ट्री फार्म में काम करने के लिए एक सुपरवाइजर एवं गांधी चौक स्थित आफिस में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पोल्ट्री फार्म बिलासपुर 8817707317, 8120717307 (34448)

आवश्यकता है-विज्ञापन एजेंसी में कार्य करने हेतु सुपरवाइजर, एवं लेबर कार्य (फ्लेक्स माउंटिंग एवं एलईडी, लेटर वर्क) के लिए लड़के, लड़कियों एवं कार चलाने हेतु कुशल, अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- C15, ग्राऊंड फ्लोर, नारायण प्लाजा, बिलासपुर 8305231923, 6232059911 (34435)

आवश्यकता है-कार ड्राइवर, स्कॉर्पियो, एंडेवर गाड़ी चलाने वाला लाइसेंस हो और यहीं पर रहकर कार्य करने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोड़पारा गुरुद्वारा के बाजू में बिलासपुर 9669211111, 9827175811 (34456)

आवश्यकता है-थोक दवा दुकान मे पैकिंग, दुकान के काम हेतु लड़के, ट्रांसपोर्ट के काम करने हेतु लड़को की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7999934599 (34455)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड में कार्य करने हेतु इच्छुक व्यक्ति जो दिन में या रात ड्यूटी करने की इच्छा रखता हो कार्य स्थल ड्रीम होंडा शोरूम महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर संपर्क- 9981630084, 9425534940 (2820)

आवश्यकता है-वेल्डर/ गैस कटर 5, हेल्पर 5, ट्रेक्टर ड्राईवर 2, आफिस बॉय 2 चाहिए आकर्षक वेतन सम्पर्क करें सुबह 11 से 3बजे तक, विक्की कृषि उद्योग तिफरा औद्योगिक क्षेत्र बिलासपुर 9826902214 (34433)

**WALK IN INTERVIEW (VACANCY-108)**

EXCELLENT CAREER OPPORTUNITY IN GROWING REAL ESTATE COMPANY

**SALES**
- Sr. MANAGER / MANAGER SALES (FIELD) - 02
- DY. MANAGER SALES (FIELD)-15
- MANAGER / DY. MANAGER MARKETING - 01
- SALES EXECUTIVE (FIELD) - 33
- CANOPY / FIELD EXECUTIVE-10
- TELECALLER (SALES) FEMALE-16

**BUSINESS DEVELOPMENT**
- BUSINESS DEVELOPMENT MANAGER-04
- BUSINESS DEVELOPMENT EXECUTIVE - 10
- RECRUITMENT MANAGER / DY. MGR - 02
- RECRUITMENT EXECUTIVE - 02

**OPERATIONS AND OTHERS**
- EXECUTIVE ASSISTANT-01
- CUSTOMER RELATIONSHIP OFFICER-01

**PROJECT AND DEVELOPMENT**
- SURVEYER-01
- SITE SUPERVISOR-10

WALK IN-WITH YOUR UPDATED CV
DATE:-15-06-2024 (SATURDAY)
TIME-10:30 AM to 5:00 PM
VENUE- HOTEL CENTRAL POINT NEAR OLD BUS STAND BILASPUR
(EXPERIENCED CANDIDATE PREFFERED) SALARY + INCENTIVE & PERKS WITH BENEFIT FOR ALL POSTS
9589000671, 7970010958
Email: RECRUITMENTS.SIB@GMAIL.COM

आवश्यकता है- पेंट्स दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें रंग महल पेंट्स SBR कॉलेज के पास रायपुर रोड जरहाभाटा बिलासपुर 9826412398 (34439)

आवश्यकता है-Ordeal Company को 120 लड़के लड़कियों की आवश्यकता है आय 8500 से 18000 रहना खाना फ्री परमानेन्ट जॉब सम्पर्क करें- उस्लापुर ओव्हर ब्रिज के पास दीपसागर नगर बिलासपुर 8003402269, 9519393913 (34442)

आवश्यकता है-रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना, खाना, फ्री, वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- 8109070600, 7869230888 (6278)

आवश्यकता है-अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं मेहनती युवक, युवतियों की आवश्यकता है पढ़ाई आवश्यक नहीं। बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- प्रकाश इंटरप्राइजेस सरजु बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर 9329955344 (34444)

आवश्यकता है-हार्डवेयर एवं बोर्ड गोदाम में कार्य हेतु लेबर चाहिए रहने के लिए क्वार्टर सम्पर्क- मोदी हार्डवेयर, अग्रवाल मिट्टी तेल गोदाम, अल्ट्राटेक, सीमेंट गोदाम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, तिफरा बिलासपुर 7415515151 (34436)

आवश्यकता है-Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए 18000- 55000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification Call/ SMS/ Whats App/ करें- 07903284986 (258)

आवश्यकता है-एक मिस्त्री खाना बनाने वाला (2) लड़के होटल में काम करने के लिए आवश्यकता है रहने एवं खाने की सुविधा सम्पर्क करें- होटल राज, दयालबन्द बिलासपुर बिलासपुर 07752402971 (34424)

आवश्यकता है-माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य करने के लिए मेहनती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस, तेलीपारा, बिलासपुर (34395)

## बेचना

बेचना है-EWS कालोनी तिफरा बिलासपुर में ग्राउण्ड फ्लोर में एक बेडरूम हॉल किचन सर्व सुविधा युक्त मकान बेचना है सम्पर्क करें- 8815960583 (34481)

बेचना है-6लाख में सकरी वार्ड नं.-1 प्लॉट, 22लाख में सर्वसुविधायुक्त प्लॉट नेचर सिटी आसमा फेस-1 में और 3BHK मकान 45लाख अमेरी 16लाख में T&C, Rera प्लॉट, 90% बैंक लोन सम्पर्क- 7000297197, 8982491977 (34428)

बेचना है- मंगला बिलासपुर में TnCP एवं Rera एप्रूव्ड कालोनी में नवनिर्मित 3BHK ड्यूप्लेक्स मकान बेचना है। सुपर बिल्टअप 1692 वर्गफुट सम्पर्क करें- शरद शुक्ला 8871221106 (34454)

बेचना है- प्राइम लोकेशन में मकान बेचना है। रामाग्रीन सिटी शर्मा बिहार कॉलोनी के पास टी.एन.सी कॉलोनी शिवम विहार बिलासपुर में 1500 वर्गफीट प्लॉट एरिया 2500 वर्गफीट में निर्मित 4 बीएचके डुप्लेक्स शानदार मकान तत्काल बेचना है। मो. 9406441535, 9300878897 (2819)

बेचना है-बिलासपुर मोपका से 2km की दूरी पर कोयला विहार Secl कॉलोनी में 2750 वर्गफीट शानदार प्लॉट सर्व सुविधा के साथ बेचना है (मात्र 16.50 लाख में) संपर्क- 7415087900, 8461997770 (2824)

बेचना है-चौहान टाउन, जुनवानी भिलाई, E-6/23 6th फ्लोर पर स्थित 3 BHK फ्लैट 1154 sft फ्लैट बेचना है संपर्क करें - 9340785098 (RMAM-24-10285)

बेचना है-डायवर्टेड प्लाट, बाऊड्रीवालयुक्त परिसर मे चौकसे इंजिनियरिंग से थोड़ा आगे 4.5लाख, 3.5लाख में 1000 वर्गफुट के प्लाट, अच्छी लोकेशन जरूर देखें 995/- वर्गफुट मे सभी साइज के प्राइम प्लाट तोरवा लालखदान ओवर ब्रिज से थोड़ा आगे मेन रोड से लगा 30फुट रोड सम्पर्क- जेबीएस इंफ्रा डेवलपर्स, संजय अग्रवाल, तोरवा, बिलासपुर 9300000195, 9300000194 (34160)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

बेचना है-कानन पेण्डारी जू के सामने 4000 वर्गफीट बाउण्ड्री के साथ 30 फीट सीसी डबल रोड स्थित शानदार कवर्ड कॉलोनी में प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 8964000025 (34492)

बेचना है-बिलासपुर मंगला दीनदयाल रोड उषा उपवन TnC कॉलोनी के सामने मेन रोड से 50 मीटर पर आवासीय प्लॉट साइज 2000 वर्गफीट मात्र 20 लाख रुपए में बेचना है संपर्क -7415087900, 9755173102 (2823)

## किराया

किराया-27खोली विकास नगर बिलासपुर में सर्व सुविधा युक्त 12 कमरे का ब्वॉयज/ गर्ल्स हॉस्टल मेस, पार्किंग, 24घंटे बिजली पानी की सुविधा के साथ किराए पर देना है सम्पर्क करें- 9399981186 (34337)

## झूलाघर

झूलाघर-अशोक प्रसूति मन्दिर, कम्पनी गार्डन के सामने देवकीनन्दन चौक बिलासपुर मे डे केयर सेन्टर (झूलाघर) पुनः प्रारम्भ किया जा रहा है। इच्छुक पालक, संस्था कार्यालीन समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक फोन/ मोबाईल नम्बर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते है। सम्पर्क करें- 07752224300, 9993013346 (34446)

## फाइनेंस

फाइनेन्स-मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छुट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध धोखेबाजों से सावधान संपर्क 08826459431 (2813)

## व्यापार

व्यापार-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000-50000 प्रतिमाह कमाएं आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट सम्पर्क- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871 (2741)

## शैक्षणिक

शैक्षणिक-समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं व्यापम, रेल्वे, बैंकिंग, SI, जज एवं अन्य प्रतियोगिताओं की तैयारी एवं नर्सरी से बारहवीं इंग्लिश/ हिन्दी मीडियम CG, CBSE कोर्स पता-अरविंद साइकोटेक एकेडमी एण्ड साइकोलॉजी काउंसलिंग सेन्टर, अमेरी रोड, साई मंदिर के पास, नेहरू नगर, बिलासपुर 7489988577, 8319454988, 07752318238 (34459)

शैक्षणिक-प्रवेश प्रारंभ सीधे 10वीं, एवं 10वीं पास सीधे 12वीं करें किसी भी बोर्ड के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी केवल फेल विषय की परीक्षा में बैठे विषय इच्छा अनुसार माध्यम हिंदी/ अंग्रेजी संपर्क- नेशनल एकेडमी (रजि.) कुदुदंड बिलासपुर 9827923390 (2818)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला-मुंगेली मो. 9303508230
- जिला कार्यालय कोरबा:-बी. ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 8827054945, 7581808267

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो.9826705603 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304,9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

Medicare Specialists
गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
लिंग में टेढ़ापन
वीर्य में शुक्राणु की कमी
बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
पेशाब में धातु जाना
शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
अहमद हॉस्पिटल
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# भारत-कनाडा में जंग आज, तीन मैचों में कोहली का स्कोर 1-4-0, बारिश की संभावना

एजेंसी ▶▶| लॉडरहिल

भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को कनाडा से भिड़ेगा। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर भारतीय टीम के लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से 5 (1, 4, 0) ही रन बना पाए हैं। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवतः आखिरी मौका है।



### दक्षिण अफ्रीका की नजर चौथी जीत पर

**किंग्सटाउन।** तीन जीत के साथ सुपर आठ में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शनिवार को यहां नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा।



### न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

तारोबा। टी20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान ने यहां पापुआ न्यू गिनी पर जीत से न्यूजीलैंड को ग्रुप से सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नई टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे।

### इंग्लैंड की राह बड़ी जीत से होगी आसान

**नॉर्थ साउंड।** गत चैंपियन इंग्लैंड शनिवार को यहां नामीबिया को बड़े अंतर से हराने के लिए बेताब होगा ताकि वह टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण की दौड़ में बरकरार रहे। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और आस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार से गत चैंपियन टीम ऐसी स्थिति में पहुंची। ओमान पर जीत से इंग्लैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा हो गया जो ग्रुप बी में उनके और स्कॉटलैंड के बीच महत्वपूर्ण अंतर है। इंग्लैंड का नेट रन रेट -1.8 से +3.08 हो गया जबकि स्कॉटलैंड का नेट रन रेट +2.16 है। लेकिन महत्वपूर्ण बात है कि स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं जबकि इंग्लैंड के तीन अंक।

## खबर संक्षेप



### प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद : रबाडा

**किंग्स्टन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद है क्योंकि वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति टूर्नामेंट के अमेरिकी चरण में इस्तेमाल की गई 'ड्राप इन' पिच से अधिक निरंतर होंगी। न्यूयॉर्क की पिचों पर अत्यधिक उछाल से रन बनाना काफी मुश्किल हो रहा था। अब सुपर आठ के मैच कैरेबियाई स्थलों पर खेले जाएंगे। रबाडा ने कहा कि बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला देखने के लिए संतुलित पिच पर खेलना महत्वपूर्ण है।

### चेन्नईयिन एफसी ने नासिरी को जोड़ा

**चेन्नई।** पूर्व चैम्पियन चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को उभरते हुए भारतीय फॉरवर्ड कियान नासिरी से करार की घोषणा की जो मोहन बागान के लिए खेलते थे। ईस्ट बंगाल के महान फुटबॉलर जमशीद नासिरी के 23 वर्षीय बेटे ने 2019 में मोहन बागान के साथ सीनियर पेशेवर पदार्पण किया था। क्लब ने कहा कि कियान से तीन साल का अनुबंध किया गया है जिससे वह 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। कियान ने सीनियर पदार्पण के बाद मोहन बागान के लिए 69 मैच खेलकर नौ गोल दागे।

### रन रेट में हेरफेर क्रिकेट की भावना के खिलाफ

**ग्रॉस आइलेट।** ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने जोश हेजलवुड की टिप्पणी को गंभीर नहीं बताते हुए कहा कि वे इंग्लैंड को मौजूदा टी20 विश्व कप से बाहर करने के लिए अपने नेट रन रेट में हेरफेर करने की कभी कोशिश नहीं करेंगे क्योंकि यह 'क्रिकेट की भावना के खिलाफ' होगा। तेज गेंदबाज हेजलवुड ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि अगर स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने आगामी ग्रुप बी मैच में ऐसा मौका मिला तो ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को टूर्नामेंट से बाहर करने की कोशिश करेगी।



### एचआईएल के लिए पंजीकरण शुरू

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी। हॉकी इंडिया लीग में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है। हॉकी इंडिया ने लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं जो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाली है।

### आईपीएल : न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप प्रतियोगिता से बाहर, दो मैच बाकी

# अफगानिस्तान ने सुपर-8 में बनाई जगह पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| तारोबा

अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारुकी (तीन विकेट) और नवीन उल हक (दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज (छह अंक) पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। इसके साथ ही 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही है और अभी उसके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड की टीम अपने अंतिम दो मैच अब युगांडा और पीएनजी के खिलाफ खेलेगी जो महज औपचारिकता के मुकाबले हैं। अफगानिस्तान की टीम सुपर आठ चरण में अपना पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी।



### फारुकी के नाम 12 विकेट

*राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारुकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारुकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई।*

### अमेरिका की भी सुपर आठ में एंट्री, पाकिस्तान बाहर

**फोर्ट लाउडरहिल।** अमेरिका ने शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद अपने पहले ही प्रयास में टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण को पार करने के साथ ही पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। अमेरिका ने अपने पहले दो मुकाबलों में पड़ोसी देश कनाडा और मजबूत पाकिस्तान पर जीत दर्ज की थी। उसे भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा लेकिन ग्रुप ए में उसका आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। मैच रद्द होने से अमेरिका ग्रुप से भारत के साथ सुपर आठ चरण में पहुंच गया। अंपायरों ने कई बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच को रद्द करने का फैसला किया।

### इंग्लैंड ने ओमान को सिर्फ 19 गेंदों में हराया



**नॉर्थ साउंड।** आदिल राशिद के फिरकी के जादू से गत चैंपियन इंग्लैंड ने गुरुवार रात को यहां ओमान को ग्रुप बी मैच में आठ विकेट से रौंदकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। राशिद (चार विकेट), मार्क वुड (तीन विकेट) और जोफ्रा आर्चर (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ओमान को 13.2 ओवर में सिर्फ 47 रन पर ढेर करने के बाद इंग्लैंड ने मात्र 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर बेहद एकतरफा जीत दर्ज की। इंग्लैंड की ओर से कप्तान जोस बटलर ने सिर्फ आठ गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 24 रन की पारी खेली। फिल सॉल्ट ने तीन गेंद में 12 जबकि जॉनी बेयरस्टो ने दो गेंद में नाबाद आठ रन बनाए।

फुटबॉल का मिनी विश्व

# 'यूफा यूरो कप' का आज से होगा आगाज




एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

यूफा यूरो कप 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट का 15 जून यानी शनिवार से आगाज होने जा रहा है। फुटबॉल के मिनी विश्व कप के नाम से मशहूर यह टूर्नामेंट 15 जून से 15 जुलाई तक खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज के मैच 26 जून तक खेले जाएंगे, वहीं नॉकआउट चरण 29 जून से शुरू होगा।

मेजबान देश के रूप में जर्मनी को ग्रुप ए में जगह दी गई है। मेजबान जर्मनी 15 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरिना में स्कॉटलैंड के खिलाफ उद्घाटन मैच खेलेगा। इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन्हें चार-चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया है और हर एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें राउंड ऑफ 16 में पहुंचेंगी। इसके अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें भी राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई करेंगी।


यूरो कप 2024 के पहले दौर में टीमें अपने ग्रुप में बाकी टीमों के साथ एक-एक मैच खेलेंगी। राउंड ऑफ 16 से नॉकआउट स्टेज की शुरुआत होगी। यानी हारने वाली टीम का सफर वहीं खत्म हो जाएगा। राउंड ऑफ 16 यानी प्री-क्वार्टर फाइनल में जीतने वाली आठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी और सेमीफाइनल की विजेता टीम का मुकाबला 15 जुलाई को बर्लिन के ओलंपियास्टेडियन में होने वाले फाइनल में होगा।

### पहली बार जर्मनी कर रहा मेजबानी

जर्मनी 2006 फीफा विश्व कप के बाद पहली बार किसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। 2021 में पिछला यूरो कप खेला गया था। हालांकि, यह टूर्नामेंट 2020 में होना था, लेकिन कोरोना की वजह से इसे एक साल के लिए स्थगित किया गया था। 2021 में हुए यूरो कप को यूफा यूरो कप 2020 के नाम से ही बुलाया गया था। पिछला यूरो कप का खिताब इटली ने जीता था। इटली को ग्रुप बी में स्पेन और क्रोएशिया के साथ रखा गया है। इसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' भी कहा जा रहा है।

पेरिस ओलंपिक

## शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सिनर खेलेंगे एकल और युगल स्पर्धा



एजेंसी ▶▶| रोम

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली टेनिस महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचकर इस हफ्ते पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे सिनर (22 वर्ष) के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। सिनर ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डाला था। 2024 में उनका जीत का रिकॉर्ड 33-3 रहा है जिसमें उन्होंने तीन खिताब हासिल किये। महासंघ ने कहा कि इटली के युगल मुकाबले में वह लोरेंजो मुसेटी के साथ जोड़ी बनाएंगे।पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन महिला फाइनल में हारने वाली जैस्मीन पाओलोनी भी इटली के लिए खेलेंगी।

### ईस्ट बंगाल से जुड़े स्ट्राइकर दिमित्रियोस

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के आगामी सत्र के लिए शुक्रवार के यूनान के स्ट्राइकर दिमित्रियोस दियामनताकोस को अनुबंधित करने की घोषणा की। यह अनुभवी 31 वर्षीय खिलाड़ी 2022 से केरल ब्लास्टर्स के लिए खेल रहा था। दिमित्रियोस ने क्लब से अनुबंध के बाद प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'सभी जानते हैं कि ईस्ट बंगाल एशिया में सबसे अधिक प्रशंसकों वाले क्लब में से एक है। मैं उनके सामने खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।'



## एकल में प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त



**सिडनी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा।

# बोपन्ना-बालाजी पेरिस ओलंपिक में जोड़ी बनाकर देंगे कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एआईटीए ने पुरुष युगल स्पर्धा के लिए चुनी भारत की पसंदीदा जोड़ी

अखिल भारतीय टेनिस संघ ने गुरुवार को ऐलान किया कि रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए पुरुष युगल स्पर्धा के लिए भारत की पसंदीदा जोड़ी होंगे।

विश्व में चौथे स्थान पर काबिज बोपन्ना को अपनी जोड़ी चुनने की अनुमति दी गई और अनुभवी ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने श्रीराम बालाजी को चुना। श्रीराम इस समय विश्व में 67वें स्थान पर हैं। एआईटीए ने गुरुवार को इस निर्णय की जानकारी दी। दोनों के साथ कोच बालचंद्रन मणिकथ और फिजियो रेबेका वी ओरशेगेन भी होंगी। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी ने पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है! कोच श्री बालचंद्रन मणिक्कथ और फिजियो सुश्री रेबेका वी. ओरशेगेन के साथ, हम विश्व मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।



### ओलंपिक क्वालीफायर में यूक्रेन से मिली हार

# कोटा के लिए महिला तीरंदाजी टीम रैंकिंग पर निर्भर

एजेंसी ▶▶| अंताल्या

दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई।

पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टर फाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी।



सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी। लेकिन विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। भारत को भजन और अंकिता के कम अनुभव का खामियाजा भुगतना पड़ा क्योंकि दोनों धैर्य नहीं दिखा सकीं। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे। व्यक्तिगत कोटा हासिल करने की स्पर्धा रविवार को होंगी।

### क्वालीफिकेशन का नया नियम

*भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम हालांकि अब भी रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। क्वालीफिकेशन नियम में नए संशोधन के अनुसार क्वालीफायर से कट हासिल नहीं करने की स्थिति में विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में शीर्ष दो देश ओलंपिक से पहले कट हासिल कर लेंगे। भारतीय महिला टीम इस समय आठवीं रैंकिंग पर काबिज है। दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, मेक्सिको, अमेरिका रैंकिंग में भारत से आगे हैं और पहले ही पेरिस के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम चीन और सातवें नंबर की चीनी ताइपे ही भारत से आगे हैं और दोनों यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर में क्वार्टरफाइनल में हैं जिससे टीम कोटा हासिल करने से महज एक जीत दूर हैं। अगर ये दोनों टीम कोटा हासिल कर लेती हैं तो भारत रैंकिंग के जरिए टीम कोटा हासिल करने के लिए मजबूत स्थिति में होगा।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com